

RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-11 अंक:234 ता. 14 मार्च 2023, मंगलवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi


## कोरोना मामलों ने फिर पकड़ी रफ्तार, 11 दिनों में दोगुना हुए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में क्या एक बार फिर कोरोना की लहर आने वाली है। क्या H3N2 वायरस के साथ कोरोना भी सबको सताएगा। ये सवाल फिर से उठने लगे हैं, ऐसा इसलिए क्योंकि देश में कोरोना के मामलों में तेजी देखने को मिली है। ताजा जानकारी के अनुसार, एक दिन में कोरोना के मामले 500 के आंकड़े को पार कर गए है, जो कि 114 दिनों में पहली बार हुआ है।

**11 दिनों में दोगुना हुए मामला**

दरअसल, चिंता की बात यह है कि कोरोना के मामले केवल 11 दिनों में ही डबल हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के



अनुसार, कोरोना से पीड़ितों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है, जो अब 3618 पर पहुंच गई है। वहीं, पिछले सात दिनों में 2671 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि, मामलों की संख्या कम है और इससे मौत के आंकड़ों में इजाफा भी नहीं हुआ, लेकिन अब फिर से सचेत होने की जरूरत है।

देश में शनिवार को 524 नए कोरोना मामले सामने आए, जो 18 नवंबर के बाद पहली बार आए हैं। पिछले 4 हफ्तों में कोरोना मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है, जो पिछले साल जून की लहर के बाद निरंतर वृद्धि है। महाराष्ट्र और दक्षिणी राज्यों में कोरोना के मामले सबसे ज्यादा बढ़े हैं। बीते सात दिनों में, तीन राज्यों ने 500 से अधिक नए मामले दर्ज किए जिसमें कर्नाटक में 584, केरल में 520 और महाराष्ट्र में 512 मिले हैं। इस अवधि के दौरान कम से कम 100 नए मामले दर्ज करने वाले राज्यों में गुजरात ने संक्रमण में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। राज्य में मामले चार गुना बढ़ गए हैं।

# मुंबई में 2 कि.मी. लंबी रैली निकाल मुस्लिमों के आर्थिक बहिष्कार का बड़ा ऐलान, क्या हैं मायने?

**ये रैली सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश की पृष्ठभूमि में आयोजित की गई थी, जिसमें कहा गया था कि हिंदू जन आक्रोश मोर्चा को केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब कोई घृणास्पद भाषण न हो।**

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में दक्षिणपंथी संगठनों ने मुस्लिमों के आर्थिक बहिष्कार को लेकर एक बड़ी रैली निकाली। 'हिंदू जन आक्रोश मोर्चा' द्वारा रविवार को 40 डिग्री तापमान के बीच मुंबई के मीरा रोड पर दो किलोमीटर लंबी आयोजित रैली के बाद प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मुस्लिम समुदाय के आर्थिक बहिष्कार का आह्वान किया। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने मीरा रोड के गोल्डन नेस्ट चौक से लगभग 2 किमी तक पैदल मार्च किया। मार्च समाप्त होने के बाद, कथित लव जिहाद और लैंड जिहाद के खिलाफ भाषण दिए गए। इसी दौरान कुछ वक्ताओं ने मुस्लिम समुदाय का आर्थिक बहिष्कार करने का आह्वान



किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करने वाले वक्ताओं में शामिल काजल हिंदुस्तानी ने कहा, इस्लामी आक्रामकता के तीन प्रमुख पहलू हैं। पहला है लव जिहाद,दूसरे नंबर पर लैंड जिहाद आता है और अंत में धर्मांतरण की समस्या हैज। इन तीन सुलेमानी कीड़ों का समाधान एक ही है। यह एक ऐसा समाधान है जिसके लिए आपको राजनीतिक नेता नहीं रोकेंगे। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट या मीडिया भी नहीं रोक पाएगी और वह समाधान उनका आर्थिक बहिष्कार।

इस सभा का वीडियो पुलिस ने भी रिकॉर्ड किया है। सभा के दौरान हिंदुस्तानी ने कहा, मीरा रोड पर नया नगर पर आज 97-98 प्रतिशत जिहादियों का कब्जा है। हिंदू कहां शरण लेंगे।

इस रैली को मीरा भायंदर से निर्दलीय विधायक गीता जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। रैली में स्थानीय भाजपा नेताओं और वीएचपी और बजरंग दल जैसे संगठनों के सदस्यों के साथ-साथ बीजेपी विधायक नितेश राणे सहित भाजपा के कई नेताओं ने भाग लिया।

ये रैली सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश की पृष्ठभूमि में आयोजित की गई थी, जिसमें कहा गया था कि हिंदू जन आक्रोश मोर्चा को केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब कोई घृणास्पद भाषण न हो। इस बीच, वक्ताओं द्वारा दिए गए भड़काऊ बयानों के बारे में पूछे जाने पर राणे ने कहा कि वह मुस्लिम समुदाय के आर्थिक बहिष्कार के आह्वान का समर्थन करते हैं।

दरअसल, ये रैली ऐसे वक्त में निकाली गई है, जब क्ष्ह्ष्ट चुनाव होने हैं। इसके साथ ही पड़ोसी राज्यों तेलंगाना और कर्नाटक में भी अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। अगले साल लोकसभा के साथ-साथ महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। माना जा रहा है कि इस तरह की रैली निकालकर दक्षिणपंथी संगठन समाज में गैर मुस्लिम ध्रुवीकरण चाहते हैं, ताकि उसका फायदा बीजेपी और उसकी समर्थक पार्टियों को मिल सके।

## यूपी में बुलडोजर को 'तुरुप का इक्का' मान रही है बीजेपी, बन रहा है देश में सुशासन का प्रतीक !

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2020 में शुरू हुई बुलडोजर राजनीति अब योगी आदित्यनाथ सरकार का मुख्य हथियार बन गई है। बुलडोजर आमतौर पर तोड़फोड़ के उपकरण के रूप में देखा जाता है, लेकिन अब यह न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि राज्य के बाहर भी सुशासन का प्रतीक बन गया है। देश में ज्यादातर सरकारें, मुख्य रूप से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें अब बुलडोजर पर दांव लगा रही हैं। बुलडोजर को पहली बार जुलाई 2020 में योगी आदित्यनाथ सरकार में प्रमुखता मिली, जब कानपुर के बिकरू गांव में गैंगस्टर विकास दुबे के घर को गिराने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया। दुबे आठ पुलिसकर्मियों के नरसंहार का मुख्य आरोपी था और उसके घर पर बुलडोजर चलाना आतंकग्रस्त इलाके में त्वरित न्याय जैसा लग रहा था। पैगंबर पर नूपुर शर्मा के बयान का विरोध करने वाली मुस्लिम आवाजें, फिर प्रयागराज में बुलडोजर का निशाना बनीं और इस तरह की कार्रवाई को हिंदू स्वीकृति मिली। इसके बाद, मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद जैसे माफिया डॉनों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया, जो दोनों सलाखों के पीछे थे। राज्य सरकार ने बुलडोजर के दम पर ढहते माफिया के घरों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, होटलों और इमारतों की तस्वीरें और वीडियो खुशी-खुशी जारी किए। एक सामाजिक कार्यकर्ता का कहना है, ÷बीजेपी सरकार की बुलडोजर राजनीति कुछ और नहीं बल्कि एक नैरेटिव बनाने के लिए है और यह एक तेजी से खतरनाक रूप लेता जा रहा है। यह शायद उन लोगों के लिए एक चेतावनी संदेश है जो सरकार के खिलाफ गुस्सा जाहिर करते हैं। बुलडोजर धीरे-धीरे गलत करने वालों के खिलाफ न्याय के प्रतीक के रूप में उभरा और योगी समर्थकों, मुख्य रूप से हिंदुओं ने इस पहल की सराहना की। विधानसभा चुनाव के बीच एक मीडिया ने योगी आदित्यनाथ को 'बुलडोजर बाबा' का नाम दिया और यह भाजपा के अभियान को अगले स्तर तक ले गया। नेता दर नेता चुनाव में बुलडोजर के पराक्रम और कैसे योगी आदित्यनाथ ने अपने बुलडोजर से अपराधियों को घुटनों पर ला दिया, इसकी चर्चा की।

# भारत में चीनी सीसीटीवी पर लगाएं प्रतिबंध: सीएआईटी

**तिरुवनंतपुरम।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने केंद्र सरकार से देश में चीनी सीसीटीवी कैमरों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है और आरोप लगाया कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है।

सीएआईटी के राष्ट्रीय सचिव एसएस मनोज ने रविवार को यहां एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि डेटा संरक्षण कानून या निगरानी तंत्र के अभाव में ऐसे सीसीटीवी उपकरण किसी के डाटा की जानकारी दुनिया में कहीं भी आसानी से भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह गौर करने योग्य है कि सीसीटीवी नेटवर्क में इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) कैमरों का उपयोग होता है और सीसीटीवी के इंटरनेट द्वारा संचालित डिजिटल वीडियो रिकॉर्डिंग (डीवीआर) को कभी भी अपने मन मुताबिक किसी भी स्तर पर परिवर्तित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इसलिए केंद्र सरकार को चीनी सीसीटीवी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना चाहिए जैसा कि इससे पहले चीनी एप पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि चीन सरकार द्वारा नियंत्रित या आंशिक स्वामित्व वाले चीनी सीसीटीवी कैमरों का भारत में बहुत बड़े स्तर में उपयोग किया जा रहा है, जबकि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चीनी सीसीटीवी के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। सीएआईटी के राष्ट्रीय सचिव यह भी कहा कि सीएआईटी ने अपनी एक राष्ट्रीय बैठक में इस विषय पर केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें चीनी सीसीटीवी के उपयोग पर चिंता व्यक्त की गई है और भारत में इसपर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया गया है।

उन्होंने केंद्र सरकार से देश में सीसीटीवी के निर्माण को प्रोत्साहित करने और डेटा सुरक्षा के लिए डेटा संरक्षण अधिनियम लाने का आग्रह किया। मनोज ने कहा कि बैठक में देश में छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा करने के लिए एक राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति बनाने की भी मांग की गई।

## दिल्ली सरकार 36 एपिसोड में बच्चों को बताएगी जीवन का मकसद यूट्यूब सीरीज लांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा देश और दुनिया के लोगों तक हैप्पीनेस करिकुलम पहुंचाने के संबंध और शिक्षा के मानवीकरण और जीवन के मूल उद्देश्य की समझ बनाने की दिशा में रविवार को एक यूट्यूब सीरीज लांच की गई। दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई 36 एपिसोड की इस सीरीज के माध्यम से जीवन का मकसद और उसकी प्राप्ति में शिक्षा की भूमिका को पूरी दुनिया के साथ शेयर करने की पहल है। केजरीवाल सरकार का शिक्षा विभाग इस वीडियो सीरीज को विश्व के टॉप विश्वविद्यालयों व संस्थानों के साथ भी साझा करेगा और उनके विचारों व नए आइडिया को इसमें सम्मिलित करने काम का करेगा। वहीं शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि इतने कम समय में टीम एजुकेशन द्वारा हैप्पीनेस करिकुलम के दर्शन पर आधारित सीरीज तैयार करना बेहद खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि ये बेहद सराहनीय कदम है कि हमारी टीम ने जीवन जीने के इस दर्शन को सहजता के साथ देश-विदेश में लोगों तक पहुंचाने की पहल की है। 'भारत के एजुकेशन सिस्टम में हमेशा ज्ञान और कौशल की बात हुई, लेकिन मूल्य शिक्षा इसके बीच कहीं दबकर रह गई। शिक्षा मंत्री ने आगे कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का विजन है कि शिक्षा का असल उद्देश्य जीवन को बेहतर ढंग से जीना सिखाना है। इस वीडियो के माध्यम से हम दिल्ली के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने हैप्पीनेस करिकुलम से जो कुछ सीखा है उसे हम देश और दुनिया के बाकी लोगों के साथ भी साझा कर सकें और शिक्षा के माध्यम से जीवन के प्रति अपने नजरिये और जीवन जीने के तरीकों में सकारात्मक बदलाव ला सकें। उल्लेखनीय है कि हैप्पीनेस दिल्ली के यूट्यूब चैनल https://www.youtube.com/@HappinessDoEDelhi पर हर बुधवार को शाम 7:30 बजे तथा हर रविवार को सुबह 9 बजे 'जीवन विद्या-जीवन जीने का एक तरीका' सीरीज के नए एपिसोड को ऑन-एयर किया जाएगा।

# हिमालयी क्षेत्र में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना

**नई दिल्ली।** देश के अधिकतर राज्यों में पारा अब बढ़ रहा है। जिससे देशवासियों को मार्च महीने के दूसरे सप्ताह में ही भीषण गर्मी का अहसास हो रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। जिसके कारण देश के पहाड़ी राज्यों में गरज के साथ बारिश की संभावना है।

**15 मार्च से बारिश के आसार**

मौसम विभाग के अनुसार, 12 से 14 मार्च के बीच पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में गरज के साथ बारिश हो सकती है। साथ ही हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ एक स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई है। इसके अलावा मौसम विभाग ने बताया कि 15 से 17 मार्च के बीच दक्षिण, मध्य व पूर्वी भारत में वर्षा का दौर भी शुरू हो सकता है।




**दिल्ली-एनसीआर में गर्मी ने बढ़ाई परेशानी**

वहीं, दिल्ली में लगातार बढ़ती से लोगों का हाल-बेहाल हो गया है। रविवार को दिल्ली में दिन का तापमान 34 डिग्री के पार चला गया। तीन इलाकों में यह 35 डिग्री से भी अधिक रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले चार-पांच दिन तापमान में गिरावट के कोई आसार नहीं हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 और 16 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। मंगलवार को हल्की बारिश जरूर हो सकती है।

**यूपी-बिहार में सामान्य रहेगा मौसम**

वहीं, यूपी की राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री रह सकता है। इसके अलावा अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किए जाने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि यूपी के ज्यादातर शहरों का मौसम सामान्य ही रहेगा। इसके अलावा मौसम विभाग ने उत्तर बिहार के कुछ जिलों में अगले दो दिनों के दौरान बारिश होने की संभावना जताई है।

**इन राज्यों में कैसा रहेगा मौसम का हाल**-मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों के दौरान मेघालय, असम, अरूणाचल प्रदेश समेत कई राज्यों में भी बारिश की संभावना है। इसके अलावा राजस्थान में गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि, आज मध्य, दक्षिण व पूर्वी भारत में आज मौसम सामान्य ही रहेगा। हालांकि, महाराष्ट्र और गुजरात में गरज के साथ बारिश हो सकती है।

# अमित शाह के दौरे से पहले हैदराबाद में क्यों लगे 'वॉशिंग पाउडर निरमा' वाले पोस्टर ?

**हैदराबाद।** तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। वहीं केसीआर ने राष्ट्रीय पार्टी लॉन्च करके 2024 के चुनाव का बिगुल भी फूंक दिया है। अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से पहले हैदराबाद में बीआरएस ने पोस्टर से तंज कसा है। बता दें कि अमित शाह सीआईएसएफ के 54वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने के लिए हैदराबाद पहुंचने वाले हैं।

**क्या है होर्डिंग में**

हैदराबाद में बीआरएस ने होर्डिंग लगवाई है जिनमें दल बदलने वाले नेताओं के नाम लिखे गए हैं। इसके अलावा निरमा गर्ल के चेहरे पर उन नेताओं का चेहरा लगा दिया गया है। होर्डिंग के नीचे वेलकम अमित शाह लिखा है और ऊपर वॉशिंग पाउडर निरमा लिखा गया है। इनमें उन नेताओं के नाम हैं जो भाजपा में शामिल हुए हैं। इसमें हेमंत बिस्वा सरमा, नारायण राणे, शुभेंदुअधिकारी, सुजान चौधरी, अर्जुन खोटकर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, ईश्वरप्पा और विरुक्षप्पा का नाम है।

कह सकते हैं कि पूरे देश के उन बड़े नेताओं का नाम इस होर्डिंग में शामिल किया गया है जो कि भजपा जॉइन करने के बाद बड़े पदों पर हैं। इसी तरह के अन्य पोस्टर भी




हैदराबाद में देखने को मिल जाएंगे। इसमें प्रधानमंत्री मोदी से लेकर भाजपा के अन्य नेताओं पर भी तंज कियागया है। बता दें कि शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के कविता ईडी के सामने दिल्ली में पेश हुई थीं। दिल्ली आबकारी नीति मामले में उनसे पूछताछ की गई।

**पीएम मोदी पर भी पोस्टर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी पोस्टर लगाए गए थे।एक पोस्ट में पीएम मोदी को रावण के रूप में दिखा दिया गया और टैग लाइन लिखी गई %लोकतंत्र का विनाशक, परिहास का पितामह।% ईडी ने के कविता से नौ घंटे तक पूछताछ की और 16 तारीख को फिर से बुलाया है। पोस्टर में कहा गया है कि पीएम मोदी और भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं के खिलाफ कर रही है।

# पांच किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर संसद मार्ग पर पहुंचे



### -बड़ी संख्या में दिल्ली में पहुंचे किसान निकालेंगे संसद मार्च

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में पंजाब के 5 किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर सोमवार को एक बार संसद मार्ग पर पहुंच गए हैं। ये किसान अपनी मांगों को लेकर पीएम कार्यालय में ज्ञापन देंगे और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली के गुरुद्वारा बंगलासाहिब के पास जमा इन किसानों के मुताबिक केंद्र की ओर से दिए हुए आश्वासन अब तक पूरे नहीं हुए, इसलिए बजट सत्र के दूसरे चरण में ये एक बार फिर प्रदर्शन के लिए पहुंचे हैं। किसानों ने कहा कि ये सोमवार को संसद भवन तक मार्च करते हुए प्रधानमन्त्री कार्यालय जाकर अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद जंतर-मंतर पर एक सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे।

फिलहाल संसद मार्ग पर बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। वहीं दूसरी ओर किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड पर है, बंगला साहिब गुरुद्वारे पर बड़ी संख्या में रैपिड ऐक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान तैनात किए गए हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) राजेवाल, ऑल इंडिया किसान फेडरेशन, किसान संघर्ष कमेटी पंजाब, बीकेयू मनसा और आजाद किसान संघर्ष कमेटी से जुड़े किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। बीकेयू नेता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादों को भूलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 20 मार्च को बड़ी संख्या में किसान दिल्ली में इकट्ठा होकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार के तीन कृषि कानून के खिलाफ 26 नवंबर 2020 को किसानों का आंदोलन शुरू हुआ था। लगभग एक साल तक दिल्ली बॉर्डर पर चला था, इस आंदोलन को देखते हुए केंद्र ने तीनों कानूनों को रद्द कर दिया था। 19 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन तीनों कानूनों की वापसी का ऐलान किया था, जिसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया, लेकिन अब किसान संगठनों का कहना है कि केंद्र सरकार ने अपनाए वादे पूरे नहीं किए।

## कश्मीर में 23 मार्च से खुलने जा रहा है एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन

श्रीनगर। अगर आप फूलों के शौकीन हैं और खासतौर से ट्यूलिप आपको बेहद पसंद है तो आपको बता दें कि कश्मीर में स्थित एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन 23 मार्च से आम लोगों के लिए खोला जाने वाला है। इस समय यहां गुढ़ाई और रंग-रोगन का काम काफी तेजी से चल रहा है। लगभग 30 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ ट्यूलिप गार्डन जबरवन पर्वत श्रृंखला की तलहटी में स्थित है। पूर्व में सिराज बाग के नाम से प्रसिद्ध इस उद्यान को कश्मीर घाटी में फूलों की खेती और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खोला गया था। यहां सैंकड़ों किस्मों के लाखों फूल देखकर पर्यटक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। देखा जाये तो ट्यूलिप के फूल औसतन तीन-चार सप्ताह तक रहते हैं, इसलिए 23 मार्च से लेकर लगभग महीने भर तक कश्मीर में पर्यटकों की भरमार रहती है क्योंकि कोई भी ट्यूलिप को देखने का अवसर खोना नहीं चाहता। ट्यूलिप गार्डन स्थापित करने का उद्देश्य पर्यटकों को घूमने का एक और विकल्प देना और पर्यटन सीजन को आगे बढ़ाना था। पर्यटक यहां आयें तो यहां से जाने का उनका मन नहीं करे इसके लिए ट्यूलिप गार्डन में खूब तैयारियां भी चल रही हैं।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में उपद्रवी एक यात्री को सीट से हाथ-पैर बांधकर लगाया इंजेक्शन

मुंबई। आजकल फ्लाइट में अक्सर कोई न कोई घटना सामने आ रही है। लंदन से मुंबई आने वाली एयर इंडिया के फ्लाइट में उपद्रव कर रहे यात्री को सीट से बांधकर एंटी-एंजाइटी इंजेक्शन देना पड़ गया। रत्नाकर द्विवेदी नाम के इंडो-अमेरिकन यात्री के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मुंबई एयरपोर्ट पर उसे सुरक्षा अधिकारियों के हवाले किया गया था। फिलहाल, कोर्ट ने उसे जाने की इजाजत दे दी थी और दोबारा अदालत में पेश होने के लिए कहा गया था। द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वह सिंगिंग में अपना भविष्य बनाने के लिए मुंबई आया है। पुलिस ने उससे गाना गाने को कहा तो वह कहने लगा कि वह रैपर बनने की ट्रेनिंग ले रहा है। सीनियर केबिन क्रू शिल्पा मिश्रा ने अपनी शिकायत में कहा है कि एयर इंडिया एआई-130 के विमान ने लंदन से रात में 10 बजे उड़ान भरी थी। यात्री सीट नंबर 26बी पर बैठा था। थोड़ी ही देर में वह वॉशरूम गया। इसके बाद फायर अलार्म बजने लगा। जब वॉशरूम का दरवाजा खोला गया तो पता चला कि द्विवेदी लाइटर और सिगरेट लेकर खड़ा था। क्रू ने जब उससे स्मोकिंग बंद करने को कहा तो वह गाली देने लगा। पायलट कैप्टन संजय यादव ने कहा कि क्रू ने उसे कई बार चेतावनी दी, लेकिन वह थोड़ी देर चुप रहा और फिर एयरक्राफ्ट के इमर्जेंसी एग्जिट के पास पहुंचकर दरवाजा खोलने की कोशिश करने लगा। लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने एक यात्री को लात मार दी और गालियां बकने लगा। इसके बाद क्रू जबरदस्ती उसे उसकी सीट पर ले गए। एक क्रू मेंबर ने बताया कि वहां मौजूद एक डॉक्टर ने उसके बारे में पता किया। द्विवेदी ने डॉक्टर को बताया कि वह दवाओं पर चल रहा है। हालांकि, जब उसका बैग चेक किया गया तो कोई दवाई नहीं मिली, बल्कि ई-सिगरेट मिली। इसके बाद डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन दिया। जब फिर भी वह शांत नहीं हुआ तो उसके हाथ पैर सीट में बांध दिए गए। द्विवेदी ने कहा कि उसके हाथ से ई-सिगरेट छीन ली गई थी, इसीलिए वह आपे से बाहर हो गया था। पुलिस को संदेह है कि वह निकोटीन अडिक्ट हो सकता है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि मुंबई पहुंचने पर आरोपी यात्री को सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया गया था। बता दें कि हाल ही में 24 साल की एक महिला को कोलकाता से बेंगलुरु की फ्लाइट में स्मोकिंग के लिए गिरफ्तार किया गया था। उसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया था।

## ऑपरेशन त्रिशूल चलाकर 33 भगौड़े अपराधियों को विदेशों से वापस ले आई सीबीआई

नई दिल्ली । सीबीआई ने इंटरपोल की मदद से 33 भगौड़े अपराधियों को विदेशों से वापस ले आई है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया कि उसने पिछले वर्ष 2022 में कुल 27 जबकि इस वर्ष अब तक छह भगौड़ों को देश वापस लाया गया है। ये सभी भगौड़े अपहरण और हत्या के आरोपी हैं। केरल पुलिस इनकी वर्षों से तलाश कर रही थी। सीबीआई ने इन भगौड़े अपराधियों की वतन वापसी के लिए ऑपरेशन त्रिशूल चला रखा है। त्रिशूल दुनियाभर में छिपे भारतीय अपराधियों की तलाश करके उन्हें वापस लाने का अभियान है। सीबीआई को अभियान में ताजा-ताजा सफलता मोहम्मद हनीफ मक्काटा के रूप में मिली है, जिसकी तलाश अपहरण और हत्या के एक मामले में थी। मक्काटा को रविवार को सऊदी अरब से भारत लाया गया। शुरुआती प्रक्रियाओं के बाद मक्काटा को केरल पुलिस को सौंप दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि भगौड़े मक्काटा के खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) जारी किया गया था और वर्ष 2006 में करीम नामक व्यक्ति के अपहरण और हत्या के सिलसिले में केरल पुलिस को हनीफ की तलाश है। उन्होंने बताया कि कोझिकोड के कुन्नामंगलम पुलिस थाने ने मामले की जांच की थी। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब की इंटरपोल इकाई ने सीबीआई को मक्काटा के ठिकाने की जानकारी दी थी और एक टीम भेजकर मक्काटा को भारत वापस ले जाने का अनुरोध किया था। इंटरपोल के मुताबिक, भारतीय एजेंसियां वैश्विक स्तर पर 276 भगौड़ों की तलाश कर रही हैं। इसमें से 30 हाई प्रोफाइल अपराधी भी हैं, जिन्होंने भारत को लूटा है। नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, नितिन संदेसरा और जतिन मेहता इसतरह के आर्थिक अपराधी हैं, जिन्हें विदेशों से भारत लाने की जोरदार कवायद चल रही है। सीबीआई ने इन सबके खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर रखा है।

## कोरोना मामलों ने फिर पकड़ी रफ्तार 11 दिनों में दोगुना हुए मामले

नई दिल्ली । भारत में क्या एक बार फिर कोरोना की लहर आने वाली है। क्या वायरस के साथ कोरोना भी सबको सताएगा। ये सवाल फिर से उठने लगे हैं ऐसा इसलिए क्योंकि देश में कोरोना के मामलों में तेजी देखने को मिली है। ताजा जानकारी के अनुसार एक दिन में कोरोना के मामले 500 के आंकड़े को पार कर गए है जो कि 114 दिनों में पहली बार हुआ है। दरअसल चिंता की बात यह है कि कोरोना के मामले केवल 11 दिनों में ही डबल हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कोरोना से पीड़ितों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है जो अब 3809 पर पहुंच गई है। वहीं पिछले सात दिनों में 2671 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि मामलों की संख्या कम है और इससे मौत के आंकड़ों में इजाफा भी नहीं हुआ लेकिन अब फिर से सचेत होने की जरूरत है।देश में आज 444 नए कोरोनोवायरस मामले दर्ज किए जबकि सक्रिय मामले बढ़कर 3809 हो गए। तमिलनाडु में आज कोरोना के चलते एक मौत भी हुई है। वहीं देश में शनिवार को 524 नए कोरोना मामले सामने आए जो 18 नवंबर के बाद पहली बार आए हैं। पिछले 4 हफ्तों में कोरोना मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है जो पिछले साल जून की लहर के बाद निरंतर वृद्धि है। महाराष्ट्र और दक्षिणी राज्यों में कोरोना के मामले सबसे ज्यादा बढ़े हैं। बीते सात दिनों में तीन राज्यों ने 500 से अधिक नए मामले दर्ज किए जिसमें कर्नाटक में 584 केरल में 520 और महाराष्ट्र में 512 मिले हैं। इस अवधि के दौरान कम से कम 100 नए मामले दर्ज करने वाले राज्यों में गुजरात ने संक्रमण में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। राज्य में मामले चार गुना बढ़ गए हैं।

## अभिनेत्री नगमा को लगा लाखों का चुना, पैन कार्ड अपडेट कराना पड़ा महंगा

मुंबई। अभिनेत्री और कांग्रेस नेता नगमा ने मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई है. दरअसल नगमा के बैंक खाते से एक लाख रुपए गायब हो गए हैं। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 419 66सी और 66डी के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगमा के मोबाइल पर 28 फरवरी को एक मैसेज आया, अपना पैन कार्ड अपडेट करा लो नहीं तो नेट बैंकिंग हो जाएगी ब्लॉक इसके बाद नगमा ने मैसेज के साथ आए लिंक पर क्लिक किया। लिंक पर क्लिक करते ही ओटीपी मांगा गया। जैसे ही नगमा ने ओटीपी डाला, उनके बैंक खाते से 99,998 रुपये निकल गए। यह मामला नगमा ने बांद्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराया हैं. पिछले दो हफ्तों में इस तरह के कई अपराध हुए हैं। मुंबई साइबर सेल में 70 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## कांग्रेस नेता ने फिर उठाए पुलवामा हमले पर सवाल, पूछा- कहीं चुनाव लड़ने के लिए तो ऐसा नहीं किया गया?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फरवरी 2019 में आतंकियों ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा में बड़ा आतंकी हमला किया था जिसमें हमारे 40 जवान शहीद हो गए थे। हालांकि, पुलवामा हमले को लेकर देश में जमकर राजनीति भी होती है। विपक्ष लगातार मोदी सरकार पर इसको लेकर सवाल उठाते रहता है। एक बार फिर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पुलवामा हमले को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने विवादित बयान देते हुए साफ तौर पर कहा कि कहीं चुनाव लड़ने के लिए तो ऐसा नहीं किया गया? उन्होंने साफ तौर पर पुलवामा हमले के निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि इसी से सच्चाई सबके सामने आएगी।




दरअसल, सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान में कांग्रेस के प्रभारी हैं। इस साल राजस्थान में चुनाव होने हैं। राजस्थान में ही उन्होंने यह बयान दिया है। पिछले कई दिनों से जयपुर में भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं के सम्मान के लिए आंदोलनरत हैं। यही कारण है कि पुलवामा हमले को लेकर प्रदेश की राजनीति गर्म है। अशोक गहलोत से पहले ही राजनीति से प्रेरित बता चुके हैं। इन सबके बीच सुखजिंदर सिंह रंधावा का यह बयान सामने आया है। अपने बयान में रंधावा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हम घुसकर मारेंगे, तो पुलवामा कैसे हो गया? उसकी जांच कराएं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आजतक पता नहीं चल पाया कि जवान कैसे शहीद हो गए। कहीं चुनाव लड़ने के लिए तो ऐसा नहीं किया गया? इतना ही नहीं, रंधावा ने अडानी ग्रुप को पीएम मोदी की ईस्ट इंडिया कंपनी भी बता दिया और साफ तौर पर कहा कि हम एक बार फिर से गुलामी की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी लड़ाई अडानी से नहीं है बल्कि भाजपा से हैं। उन्होंने मोदी को खत्म करने की भी बात की। उन्होंने कहा कि मोदी रहा तो हिंदुस्तान खत्म हो जाएगा। मोदी खत्म हो गया तो हिंदुस्तान बच जाएगा। उन्होंने मोदी सरकार पर देश को बेचने का भी आरोप लगा दिया।

## होली आपसी सौहार्द का त्यौहार है सांसद बीपी सरोज



**मड़ियाहूं ,जौनपुर ।** रंगो के त्यौहार के साथ साथ होली आपसी भाईचारे सद्भाव समरसता बंधुत्व और सब कुछ भुला कर एक दूसरे से गले मिलने का त्योहार है उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि सांसद मछली शहर बीपी सरोज ने ग्राम गौरा में पूर्व मंडल अध्यक्ष पंडित राजकृष्ण शर्मा के आवास पर होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा उन्होंने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत विश्व का नेतृत्व करने जा रहा है भारत की लोकप्रियता विश्व में बड़ी है भारत का सर्वांगीण विकास हो रहा है उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश में भी सर्वांगीण विकास कर रही है स्वास्थ्य चिकित्सा सड़क शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में प्रदेश का विकास हो रहा है कानून व्यवस्था सुदृढ़ है प्रदेश सरकार का बजट लोक कल्याणकारी और गरीबों के हित में है बतौर विशिष्ट अतिथि ब्रह्म देव उपाध्याय ब्रह्मदेव तिवारी भैया लाल पटेल अशोक कुमार पांडे प्रधानाचार्य आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की होली सौहार्द का त्यौहार है शुभ है कि हम सारे लोग एक दूसरे से हम मिलजुल रहे हैं और इसी एकता अखंडता को आगे बढ़ाते हुए देश के विकास में उत्तर उत्तर योगदान देते रहेंगे उसके पूर्व मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके मुन्ना पांडे राधा कृष्ण शर्मा एडवोकेट अशोक कुमार दुबे संजू प्रधान रमेश सरोज पूर्व प्रधान राजेश कुमार पांडे बालकृष्ण शर्मा सहित अनेक लोगों ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके अबीर गुलाल लगा करके उनका स्वागत किया इस मौके पर कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन डॉक्टर अजय सिंह ब्रह्मदेव तिवारी विक्रमाजीत पांडे चंद्रप्रकाश सिंह उर्फ पप्पू विक्रमाजीत पांडे भूपेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूं ओम नारायण सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे पूर्व में आयोजक राज शर्मा ने सांसद को अश्विन देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मदेव उपाध्याय ने किया संचालन राज कृष्ण शर्मा ने किया।

## कांग्रेस नेता खड्गे का आरोप, लोकतंत्र का गला घोंट रही मोदी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी मामले में मोदी सरकार पर चुप्पी बरतने का आरोप लगाकर राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने सोमवार को विजय चौक तक मार्च निकाला। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे ने कहा कि सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के लंदन में दिए भाषण को लेकर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में जो हंगामा हुआ, उस पर खड्गे ने कहा कि राज्यसभा में सदन के नेता ने एक सवाल उठाया, जिसका हमारे सदन से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के विषय में जो बात राहुल जी ने कही हैं, सरकार को उन्हें समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के भाषण को गलत तरीके से पेश किया गया है। खड्गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी एक ''तानाशाह'' की तरह सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष एकजुट है और हम अडाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग करते रहने वाले हैं। बता दें कि कांग्रेस सहित 16 विपक्षी दलों के सदस्यों ने संसद के बजट सत्र के, सोमवार से शुरू हुए दूसरे चरण में विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति पर आज सुबह चर्चा भी की। विपक्ष केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और अडाणी विवाद सहित कुछ अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड्गे के संसद भवन स्थित कक्ष में हुई बैठक में खड्गे के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल एवं जयराम रमेश, द्रमुक के टीआर बालू, राजद के फैयाज़ अहमद, शिवसेना (उद्धव) के संजय राउत, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए। तृणमूल कांग्रेस इस बैठक में शामिल नहीं हुई।

## संजय राउत ने देवेंद्र फडणवीस को लिखा पत्र, राहुल कुल के खिलाफ ईडी-सीबीआई जांच की मांग की



**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने भाजपा विधायक के राहुल कुल पर 500 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने राहुल कुल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने की मांग की है। राउत ने पुणे जिले के दौंड में कौल के स्वामित्व वाली और संचालित भीमा सहकारी चीनी मिल में वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया।

संजय राउत ने कहा कि हमारे संज्ञान में आया है कि दौंड में भाजपा विधायक राहुल कुल की भीमा सहकारी चीनी मिल ने वित्तीय उल्लंघन किया है। उन्होंने दावा किया कि यह मनी लॉन्ड्रिंग 500 करोड़ रुपये की है। इसलिए, डिप्टी सीएम को तुरंत मामले में सीबीआई और ईडी जांच का आदेश देना चाहिए। राउत ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों की जांच भ्रष्टाचार के सभी मामलों में होनी चाहिए। यह चयनात्मक नहीं होना चाहिए। न ही इसे सत्तारूढ़ सदस्यों को बख्शते हुए केवल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाना चाहिए।

आपको बता दें कि 2014 में, राहुल कुल ने राष्ट्रीय समाज पक्ष के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और दौंड विधानसभा सीट से जीत हासिल की। 2019 में, वह भाजपा में शामिल हो गए और सीट बरकरार रखी। फडणवीस को राउत का पत्र ऐसे समय में आया है जब केंद्रीय एजेंसियां ??कोल्हापुर में सर सेनापति संतजी घोरपड़े चीनी कारखाने में वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए एनसीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री हसन मुशरिफ की जांच कर रही हैं।

## ईडी-सीबीआई की कार्रवाई पर तेजस्वी बोले, डर गई है भाजपा, 2024 में टिकने वाली नहीं

**पटना (एजेंसी)।** जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसको लेकर बिहार में खूब राजनीति भी हो रही है। विपक्ष जहां इसे मोदी सरकार का विरोधी दलों को परेशान करने का तरीका बता रहा है। तो वहीं भाजपा जबरदस्त तरीके से राजद और लालू परिवार पर हमलावर है। इन सब के बीच तेजस्वी यादव ने बड़ा बयान दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री ने इसको लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वे लोग डर गए हैं। तेजस्वी ने यह भी कहा कि अमित शाह छापेमारी के डायरेक्टर हैं।



तेजस्वी यादव ने कहा कि ये (बीजेपी) पूर्णिया रैली के जनसमूह से डर गए हैं। वे जानते हैं कि 2024 में ये टिकने वाले नहीं हैं...ये झूठा प्रचार इस प्रकार से कर रहे हैं कि जैसे असल अडानी मैं ही हूं। उन्होंने दावा किया कि सीबीआई की छापेमारी में घर से कुछ भी नहीं मिला। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस समय देश में निम्न स्तचर की राजनीति हो रही है। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वह अपनी हार मान चुकी है और इसलिए ही छापे पर छापे मरवा रही है। वहीं, भाजपा का साफ तौर पर कहना है कि बदले की भावना से नहीं पुख्ता प्रमाण के बाद हो रही है कार्रवाई, विपक्ष को लूटने की छूट नहीं मिलेगी।

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में लालू परिवार के परिसरों पर जांच एजेंसियों के छापे पर नीतीश कुमार चाहे जो बयान दें, लेकिन सबसे ज्यादा खुश भी वही हैं। मोदी ने कहा कि जांच-पूछताछ की कार्रवाई के कारण तेजस्वी प्रसाद यादव को जल्द मुख्यमंत्री बनाने का राजद का दबाव टल गया है। यह जदयू के लिए राहत की बात है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा था कि इस तरह की चीज़ें 2017 में भी हुई थी जब वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोधी गठबंधन में थे। नीतीश ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा, 'मैं क्या कहूं जो लोग प्रभावित हो रहे हैं वे पर्याप्त प्रतिक्रिया दे रहे हैं।'

## सुप्रीम कोर्ट से मुलायम परिवार को राहत, आय से अधिक संपत्ति मामले में सुनवाई से इंकार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने पूरे मुलायम परिवार को सोमवार को बड़ी राहत दी है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव और उनके भाई प्रतीक यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने बंद कर दी है। सीबीआई की 2013 की क्लोजर रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी देकर क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ याचिका खारिज कर दी है। सीबीआई के केस को बंद करने के खिलाफ कांग्रेसी नेता विश्वनाथ चतुर्वेदी की याचिका को कोर्ट ने खारिज किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीआई पहले ही 7 अगस्त, 2013 को मामले की जांच बंद कर चुकी है। इसकारण अब याचिका में कोई मैरिट नहीं बचा है। इस संबंध में कोर्ट ने सोमवार को याचिकाकर्ता चतुर्वेदी की याचिका पर सुनवाई की। जिसमें चतुर्वेदी ने याचिका दायर कर कोर्ट को बताया था कि सीबीआई अब तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है, जबकि मार्च 2007 में कोर्ट ने जांच का आदेश दिया था।

## भ्रष्ट्राचार के मामले में बैकफुट पर आई आप, अब खुद को प्रताड़ित साबित करने में जुटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) अपने सबसे बड़े गढ़ दिल्ली में उस दौर से गुजर रही है, जिसकी शायद आप पार्टी ने कल्पना भी नहीं की होगी। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की कोख से जन्मी पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता को मनीष सिसोदिया को करप्शन केस में जेल जाना पड़ा है। महज 10 साल में राष्ट्रीय दल बनने के लिए दावेदारी पेश कर चुकी पार्टी को अचानक शराब घोटाले के आरोपों ने सवालों के घेरे में ला दिया है। पहली बार आप को दिल्ली में अपने प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इतने आक्रामक अभियान का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, आप संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल इस आपदा को अवसर में बदलने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने पूरी दिल्ली में जमीन पर अपने सिपाही उतार दिए हैं।

जनता के बीच खुद को ईमानदार और प्रताड़ित साबित करके पार्टी राजनीतिक तौर पर फायदा उठाने की कोशिश में जुट गई है। पार्टी ने दिल्ली के सभी 250 वार्ड में विशेष अभियान चलाया है। इसके तहत लोगों से हस्ताक्षर लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा जाएगा। आप के राज्य संयोजक गोपाल राय ने कहा कि 13 मार्च को शहर के सभी 250 वार्ड में कैंपेन चलाया जाएगा। इसके अलावा मोहल्ला सभा का भी आयोजन किया जा रहा है, जहां पार्टी के विधायक और जनप्रतिनिधि लोगों को इन गिरफ्तारियों की पूरी सच्चाई बताएंगे। आप का दावा है कि पहले सत्येंद्र जैन और अब सिसोदिया को राजनीतिक वजहों से गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ नेता ने बताया कि सभी वार्डों से प्रतिनिधियों को पार्टी हेडक्वॉर्टर में इस प्रक्रिया को लेकर ट्रेनिंग दी गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि आप जनता से सहानुभूति जुटाने की कोशिश करेगी और यदि हर दिल्लीवासी तक यह संदेश पहुंचाया जाए कि सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को करप्शन की वजह से नहीं बल्कि एजेंसियों के दुरुपयोग से गिरफ्तार कराया गया है, तब उनके विश्वास को बनाए रखा जा सकता है।

आप ने 2024 लोकसभा चुनाव तक इस रणनीति पर कायम रहने का फैसला किया है। आप के एक अन्य नेता ने कहा कि अडानी के मुद्दे को भी जोरशोर से उठाया जाएगा, जहां सरकार ने उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया है। खुद केजरीवाल ने सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद एक से अधिक मौकों पर सिसोदिया का बचाव कर अडानी को निशाने पर लिया है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि ऐसा करके पार्टी एक तरफ जहां दिल्ली में अपनी स्थिति को ठीक कर पाएगी, तब दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी की घेराबंदी की जा सकती है।



## शांति प्लान लिए अगले सप्ताह रूस के दौरे पर जा सकते हैं जिनपिंग, पुतिन से करेंगे मुलाकात, क्या खत्म होगा यूक्रेन युद्ध

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शी जिनपिंग अगले सप्ताह मॉस्को का दौरा कर सकते हैं। मामले से परिचित लोगों के आधार पर रॉयटर्स ने दावा किया है कि जिनपिंग , व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे और ये दौरा पहले की अपेक्षा जल्द ही होगा। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध के बीच चीन की तरफ से शांति प्रस्तावक की भूमिका अदा करने की ललक इन दिनों खूब तेज हो उठी है। यात्रा की योजना को भी इस नजर से देखा जा रहा है। रूस की तास समाचार एजेंसी ने 30 जनवरी को बताया कि पुतिन ने शी को वसंत ऋतु में यात्रा के लिए आमंत्रित किया। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने पिछले महीने रिपोर्ट दी थी कि मास्को की यात्रा अप्रैल या मई की शुरुआत में हो सकती है। चीन के विदेश मंत्रालय ने तुरंत शी के मास्को जाने की संभावना पर टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया और क्रेमलिन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। कोई अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हैं। मामले की जानकारी देने वाले सूत्रों ने इस मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए पहचाने जाने से इनकार कर दिया। चीन और रूस ने 2022 के फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से कुछ हफ्ते पहले ध्रकोई सीमा नहींध्र साझेदारी की, और दोनों पक्षों ने अपने संबंधों की ताकत की पुष्टि करना जारी रखा है।

## शिक्षा में सुधार के बिना पाकिस्तान का भला नहीं हो सकता : मिफ्ताह इस्माइल

### –भारत के आईआईटी का लोहा दुनिया मानती

इस्लामाबाद । पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। इसके बाद पाकिस्तान में बहस छिड़ गई है कि उनसे कहां चूक हुई कि आज भारत इतनी दूर चला गया है और वहां तबाही के कगार पर आ गया है। अब पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपनी जनसंख्या को नियंत्रित करने के साथ–साथ अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार करने की जरुरत है। पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने कहा कि भारत, बांग्लादेश और कई अन्य इस्लामी देशों में जन्म दर पाकिस्तान की तुलना में बहुत कम है। पाकिस्तान में हर साल लगभग 55 लाख बच्चे पैदा होते हैं और पाकिस्तान में जन्म दर दुनिया में सबसे ज्यादा है। मिफ्ताह इस्माइल ने कहा कि अगर पाकिस्तान की जन्म दर पिछले दस वर्षों में बांग्लादेश की जन्म दर के बराबर होती, तब पाकिस्तान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 10 प्रतिशत से अधिक होती। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण पाकिस्तान मानव विकास सूचकांक में सबसे नीचे है। पाकिस्तान को सतत और तीव्र विकास के लिए अपनी जनसंख्या का प्रबंधन करने की आवश्यकता है। पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री ने देश के विकास के लिए शिक्षा को महत्व देने पर जोर दिया। इतना ही नहीं पाकिस्तान में 50 फीसदी बच्चे स्कूलों में नहीं पढ़ते हैं। पाकिस्तान में सिर्फ 44 फीसदी बच्चे सेकेंडरी स्कूल जाते हैं, जबकि भारत में यह आंकड़ा 85 फीसदी है। भारत के आईआईटी का लोहा दुनिया मानती है।वहीं पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने भी माना है कि भारत के आईआईटी दुनिया के शीर्ष संस्थानों में शामिल हैं और उनसे पढ़े–लिखे लोग आज दुनिया की बड़ी कंपनियों के सीईओ हैं। भारत में जहां सभी बेहतरीन विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, वहीं पाकिस्तान में औसत युवा तीन महीने का डिप्लोमा कर रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि शिक्षा में सुधार के बिना पाकिस्तान तरक्की नहीं कर सकता।

## मेडागास्कर के तट पर प्रवासी से भरी नाव पलटी, 22 लोगों की मौत

एंटानानारिवो । प्रवासियों को ले जा रही एक नौका मेडागास्कर के तट पर पलट गई, जिससे कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। मैरीटाइम एंड रिवर पोर्ट एजेंसी ने रविवार देर रात एक बयान में कहा कि कुल 47 लोगों को ले जा रही नौका शनिवार को मेडागास्कर के समुद्र में दुर्घटना के कारण पलट गई। मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि उनमें से 23 लोगों को बचा लिया गया और लापता लोगों को निकालने का अभियान अभी भी जारी है। बयान के अनुसार नौका फ्रांस के विदेशी द्वीप मयोटे की ओर जा रही थी।

## सेना ने भारी बर्फबारी के बाद सिक्किम में फंसे 400 पर्यटकों को बचाया

### –सिक्किम में भारी हिमपात से फंसे सैंकड़ों पर्यटक, सेना ने चलाया ऑपरेशन हिम राहत

गंगटोक । हिमालयी राज्य सिक्किम के ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण कई पर्यटक इलाके में फंस गए, जिसके बाद सेना को रेस्क्यू के लिए उतरना पड़ा। ऑपरेशन हिमराहत के तहत सेना के जवानों ने 50 से अधिक बच्चो सहित 400 पर्यटकों को फंसने से बचाया और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। जानकारी के अनुसार पर्यटक पूर्वी सिक्किम के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों नाथू ला और त्सोमगो का दौरा करने के बाद गंगटोक लौट रहे थे। सिक्किम के कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में शनिवार दोपहर भारी हिमपात हुआ। लगभग 400 पर्यटकों वाले कम से कम 100 वाहन मार्ग में फंस गए। अधिकारियों ने कहा कि राज्य पुलिस और नागरिक प्रशासन के सहयोग से त्रिशक्ति कोर के जवानों ने जल्द ही ऑपरेशन हिमराहत नाम से बचाव अभियान शुरू किया। राहत कार्य शनिवार देर रात तक जारी रहा। पर्यटकों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाया गया और उन्हें आश्रय, गर्म कपड़े, चिकित्सा सहायता और भोजन प्रदान किया गया। सैनिकों ने 178 पुरुषों, 142 महिलाओं और 50 बच्चों सहित पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था की। रक्षा के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने मीडिया को बताया कि रविवार की सुबह जीआरईएफ डोजरों की सहायता से सड़क को फिर से सुचारु किया गया। सुबह 9 बजे तक वाहनों को गंगटोक ले जाने के लिए सड़क को साफ कर दिया गया था। सैनिकों की त्वरित प्रतिक्रिया ने खराब मौसम की स्थिति में फंसे हुए पर्यटकों को राहत दी और गंगटोक में वाहनों की आवाजाही को सक्षम करने के लिए सड़क की शीघ्र निकासी सुनिश्चित की। वहीं सिक्किम के फंसे हुए पर्यटकों और नागरिक प्रशासन ने सेना द्वारा तत्काल राहत के लिए आभार व्यक्त किया है।

## पाई–पाई को मोहताज पाकिस्तान, 23 अरब डॉलर फाइलों में घूम रहे

लौहार। पड़ोसी देश पाकिस्तान जहां वर्तमान में पाई–पाई को मोहताज है। वहीं विदेशी मुद्रा के लिए आईएमएफ से लेकर दूसरे देशों के आसरे वक्त काट रहा है, वहीं पाकिस्तानी अफसरों की लाल फीताशाही की वजह से फाइलों में ही 23 अरब डॉलर घूम रहे हैं। अगर ये पैसे सही समय पर पाकिस्तान को मिल गया होता, तब देश की बड़ी आबादी के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा नहीं होता। पाकिस्तानी अखबार में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, ये फंड उस समय में फाइलों में अटका पड़ा है, जब पीएम शहबाज शरीफ और वित्त मंत्री इशाक डार आईएमएफ कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के लिए 5 अरब से 7 अरब डॉलर की व्यवस्था करने की जद्दोजहद कर रहे हैं और उस कोशिश में आवाम पर भारी भरकम टैक्स का बोझ लाद रहे हैं। ब्यूरोक्रेटिक लापरवाही की वजह से विदेशी कर्जदाताओं ने पाकिस्तान को लगभग 23 अरब डॉलर के ऋण



और अनुदान का भुगतान रोक रखा है। इसमें कुछ 15 साल पुराना है। इसी खेप में केरी–लुगर एक्ट के तहत अमेरिका से मिला 1.6 अरब डॉलर का अनुदान भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सप्ताह जारी आर्थिक मामलों के मंत्रालय की त्रैमासिक रिपोर्ट में इस फंड के बारे में खुलासे किए गए हैं, जिसमें अटकी योजनाओं के परियोजना–वार विवरण और राशि का जिक्र है। इन अटकी परियोजनाओं में अमेरिका, चीन, सउदी अरब सहित कई देशों के अनुदान शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सूत्रों के अनुसार, इतनी बड़ी राशि के पीछे सामान्य कारक सरकारी अनुमोदन की धीमी प्रक्रिया, ऋण वार्ता में देरी, खरीद विवरण को अंतिम रूप देने वाली सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी, लंबी बोली प्रक्रिया और निष्पादन एजेंसियों की क्षमता की कमी और अनुबंध प्रबंधन और परियोजना निगरानी में कमी है।



उत्तर कोरिया में एक पनडुब्बी से दो मिसाइलें एक अज्ञात स्थल की ओर दागीं गयीं।

## अमेरिका की चेतावनी के बाद भी उत्तर कोरिया ने फिर दागीं 2 मिसाइलें

सियोल। उत्तर कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। अमेरिका के साथ–साथ कई देशों की चेतावनी के बाद भी उत्तर कोरिया लगातार मिसाइलों का टेस्ट कर रहा है। अब खबर है कि एक बार फिर उत्तर कोरिया ने एक पनडुब्बी से दो रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को यह परीक्षण अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाओं द्वारा बड़े पैमाने पर संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू करने से एक दिन पहले किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रविवार को अंडरवाटर लॉन्चिंग ड्रिल में पूर्वी सागर में क्योंगफो खाड़ी के पानी में मिसाइलों को 8.24 योंगंग से दागा गया। केसीएनए ने कहा कि ड्रिल में हथियार प्रणाली की विश्वसनीयता की पुष्टि हुई है और पनडुब्बी इकाइयों के पानी के नीचे से सतह पर आक्रामक संचालन की जांच की, जो डीपीआरके परमाणु निवारक के अन्य प्रमुख बलों में से एक है। मिसाइलों ने 7 हजार 563 से 7 हजार 575 सेकंड के लिए 1500 किमी लंबी आठ–आकार की उड़ान कक्षाओं की यात्रा करने के बाद' पूर्वी सागर में पूर्व निर्धारित लक्ष्यों को सटीक रूप से मारा। केसीएनए ने आगे कि ड्रिल विभिन्न स्थानों में परमाणु युद्ध निवारण के मौजूदा संचालन की स्थिति की पुष्टि की। इससे पहले दिन में दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसने रविवार सुबह उत्तर के पूर्वी तटीय शहर सिनपो के पानी में एक पनडुब्बी से लॉन्च की गई एक अनिर्दिष्ट मिसाइल का पता लगाया। हालांकि इसके अन्य विवरण प्रदान नहीं किए। गौरतलब है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 13 से 23 मार्च तक सैन्य अभ्यास होने वाला है।

## ट्रंप का दावा, 24 घंटे के अंदर रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करा दूंगा

### –मुझे पता हैं कि दोनों को क्या कहना हैं

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन के युद्ध के मैदान से ताबड़तोड़ हमले की खबर रोज आती हैं। लेकिन अब एक ऐसी खबर समाने आई है जो हैरान कर देने वाली है। दरअसल, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का चौंकाने वाला बयान सामने आया है। ट्रंप ने दावा किया है कि वहां महज एक दिन में रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करा सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि वहां अगर अभी अमेरिकी राष्ट्रपति के पद पर होते, तब 24 घंटे के अंदर रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को बातचीत के जरिए खत्म करा देते।

ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को निशाने पर लेकर आरोप लगाया कि वहां दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध में झोंकने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि बाइडेन रूस यूक्रेन युद्ध को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ



मोड़ने की कोशिश में लगे हैं। ट्रंप ने बाइडेन की विदेश नीतियों को लेकर भी सवाल उठाकर युद्ध को लेकर चिंता जाहिर की हैं। इसके पहले की मैं ओवल ऑफिस पहूंचुंगा मैं यूक्रेन और रूस के विनाशकारी युद्ध को सुलझा लूंगा। जो भी दिक्कत है उसे मैं सुलझा दूंगा। मैं जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाल लूंगा। इसमें एक दिन से ज्यादा का समय नहीं लगेगा। मुझे पता है कि दोनों को क्या बोलना है। दोनों से मेरी अच्छी बनती है। उन्होंने कहा, मत भूलो, बुश के रहते उन्होंने जॉर्जिया पर कब्जा कर लिया। ओबामा के रहते उन्होंने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया और बाइडेन के रहते वे सब कुछ ले रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वे सब कुछ लेने जा रहे हैं। वे पूरे एनचिलाडा ले रहे हैं। वे सबकुछ लिए जा रहे हैं। मुझे तो यही दिखता है।

ट्रंप ने कहा कि मैं यूक्रेन के उन क्षेत्र पर रूस का कब्जा करवाने की डील कराता, जहां के लोग सिर्फ रूसी भाषा बोलते हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों को मिलाकर लगभग 80 देश यूक्रेन का जंग में साथ दे रहे हैं। लगभग करोड़ो के हथियार यूक्रेन को दिए जा चुके हैं। एक साल के अंदर यूक्रेन को हजारों एंटी टैंक मिसाइलें मिल चुकी हैं। फिर भी रूस ने यूक्रेन में तबाही मचा रखी है। जीतना तब दूर यूक्रेन का युद्ध में टिक पाना मुश्किल नजर आ रहा है।

## भारत दौरे पर आएंगे फ्रांस के पूर्व पीएम एडवर्ड फिलिप, इन मुद्दों पर होगी बात

**मनामा (एजेंसी)** फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री एडवर्ड फिलिप द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों विशेष रूप से बंदरगाहों पर सहयोग और स्थानीय सरकारों के बीच विकेंद्रीकृत सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 14-17 मार्च तक भारत का दौरा करेंगे। भारत में फ्रांसीसी दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है। वह वर्तमान में फ्रांस के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह शहर ले हैवरे के मेयर हैं। अपनी यात्रा के दौरान एडुअर्ड फिलिप दिल्ली और मुंबई की यात्रा करेंगे। फिलिप ऐसे समय में प्रमुख वैश्विक चुनौतियों से निपटने पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक करेंगे जब भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा है और फ्रांस-भारत रणनीतिक साझेदारी के लिए दृष्टिकोण है, जो इस वर्ष अपनी 25 वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। वो केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ बंदरगाहों के सहयोग विशेष रूप से ब्लू इकोनॉमी और महासागर शासन पर भारत-फ्रांस रोडमैप के कार्यान्वयन के संबंध मे चर्चा करेंगे। फ्रांस और भारत के बीच व्यापार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए, फिलिप कई प्रमुख भारतीय निवेशकों से मिलेंगे, और इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित व्यवसाय पुरस्कार समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे। मुंबई की अपनी यात्रा के दौरान, एडोअर्ड फिलिप बृहन्मुंबई के नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल से मिलेंगे और ले हावरे और मुंबई के दो बंदरगाह शहरों के बीच सहयोग के अवसरों पर चर्चा करेंगे। वह न्हावा शेवा बंदरगाह भी जाएंगे, जहां फ्रांसीसी कंटेनर शिपिंग कंपनी सीएमए-सीजीएम ने हाल ही में भारत में फ्रांसीसी दूतावास की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 30 साल की रियायत हासिल की है। HAROPA का एक प्रतिनिधिमंडल, ले हावरे, रूएन और पेरिस के बंदरगाह अधिकारियों का एक संयोजन फिलिप के साथ जाएगा। लोगों से लोगों के बीच संबंध भारत-फ्रांस संबंधों के केंद्र में होने के कारण, फिलिप भारत में दो प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में प्रधान मंत्री के रूप में अपने अनुभव को भी साझा करेंगे।

## सिलिकॉन वैली बैंक की ब्रिटिश यूनिट को एक पाउंड में खरीदेगी एचएसबीसी होल्डिंग्स

**लंदन (एजेंसी)।** अमेरिका में फिर से बैंकिंग सेक्टर भारी संकट में है। शीर्ष बैंकों में गिना जाने वाला सिलिकॉन वैली बैंक पिछले सप्ताह बंद हो चुका है। अब इसका असर कई अन्य सेक्टरों पर हो रहा है। इस बीच सिलिकॉन वैली बैंक की ब्रिटिश यूनिट महज एक पाउंड में बिकने जा रही है। सिलिकॉन वैली बैंक की ब्रिटिश यूनिट को एचएसबीसी होल्डिंग्स खरीदने जा रही है। एचएसबीसी होल्डिंग्स ने बताया कि वह सिलिकॉन वैली बैंक की ब्रिटिश सब्सिडियरी को एक पाउंड में खरीदने जा रही है। यह सौदा सिलिकॉन वैली बैंक के ब्रिटिश ग्राहकों के हितों की सुरक्षा करने का प्रयास है। इस सौदे के बाद सिलिकॉन वैली बैंक के ब्रिटिश ग्राहक सामान्य बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठाना जारी रख सकते हैं। एचएसबीसी के चीफ एक्सीक्यूटिव ने सौदे के बारे में बताया कि यह बैंक के ब्रिटिश बिजनेस के लिए शानदार रणनीतिक महत्व रखती है। उन्होंने बताया कि सौदे से कमर्शियल बैंकिंग फ्रेंचाइजी को मजबूती मिलेगी और इनोवेटिव व तेजी से बढ़ती कंपनियों की जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने सिलिकॉन वैली बैंक के ब्रिटिश ग्राहकों का स्वागत किया। हम एसवीबी के ब्रिटिश ग्राहकों का एचएसबीसी में स्वागत करते हैं और उन्हें ब्रिटेन व पूरी दुनिया में आगे बढ़ने में मदद करना चाहते हैं।

## महिला जज को धमकाने के मामले में फंसे इमरान, गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने जब से कुर्सी छोड़ी है उसके बाद से ही उनके सितारे लगातार गर्दिश में चल रहे हैं। पहले तो रैली के दौरान उनपर जानलेवा हमला होता है। फिर उसके बाद एक-एक कर पाकिस्तान में उनके ऊपर एफआईआर की जाती है। अब पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। सिविल जज जिला सत्र न्यायालय ने खातून जज जेबा चौधरी को धमकी देने के मामले में वारंट जारी किया था।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान को आज अदालत में पेश होना था। हालांकि, इमरान खान ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अदालत में उपस्थिति से छूट की मांग करते हुए एक याचिका दायर की। जियो न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने इमरान खान की याचिका



खारिज कर दी और गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अदालत के आदेश में इमरान खान को 29 मार्च को अदालत में पेश करने को कहा गया है।

### इमरान खान ने क्या कहा ?

पिछले साल अगस्त में, इमरान खान ने अपने विशेष सहायक शाहबाज़ गिल के साथ एकजुटता में एक राजनीतिक रैली की, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्हें हिरासत में प्रताड़ित किया जा रहा है। उस भाषण के दौरान, इमरान खान ने जज ज़ेबा चौधरी को कथित रूप से धमकी देते हुए कहा कि उन्हें 'खुद को तैयार रखना चाहिए क्योंकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इमरान खान की टिप्पणी के तुरंत बाद, उनके खिलाफ न्यायाधीश को धमकी देने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## नेपाल के राष्ट्रपति बने रामचंद्र पौडेल , चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ

**काठमांडू। (एजेंसी)।** नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामचंद्र पौडेल ने सोमवार को नेपाल के राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय शीतल निवास में आयोजित एक विशेष समारोह में नेपाल के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हरिकृष्ण कार्की ने पौडेल (78) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल, स्पीकर देव राज घिमिरे, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष गणेश प्रसाद तिमिल्सिना के अलावा अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी मौजूद थे।



नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पौडेल बृहस्पतिवार को कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल)के सुबास चंद्र नेमबांग को हराकर देश के राष्ट्रपति चुने गए थे। पौडेल को आठ राजनीतिक दलों का समर्थन मिला। पौडेल को 52,628 में से 33,802 जबकि नेमबांग को 15,518 वोट मिले। पूर्व स्पीकर और कई बार मंत्री रह चुके पौडेल ने देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने के लिए एक लंबी राजनीतिक यात्रा की है।

उन्होंने एक दशक से अधिक समय जेल में बिताया। वह छह बार विधायक, पांच बार मंत्री और एक कार्यकाल के लिए स्पीकर रहे। वर्ष 2008 में देश को गणतंत्र घोषित किए जाने के बाद यह तीसरा राष्ट्रपति चुनाव था। पौडेल ने विद्या देवी भंडारी का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल 12 मार्च को समाप्त हो गया था। राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदाताओं की कुल संख्या 882 थी, जिसमें संसद के 332 सदस्य और सात प्रांतों की प्रांतीय विधानसभाओं के 550 सदस्य शामिल हैं।

राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' के नेतृत्व वाली सरकार के लिए एक राहत के रूप में आए हैं क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पौडेल का समर्थन करने पर मतभेद के बाद अपनी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। राष्ट्रपति के कार्यकाल की अवधि चुनाव की तारीख से पांच वर्ष होगी और एक व्यक्ति को केवल दो कार्यकाल के लिए इस पद पर चुना जा सकता है।

## भारतीय लोकतंत्र मजबूत और जीवंत बहुदलीय प्रणाली : बिरला

मनामा (ईएमएस) । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत में मजबूत सहभागी लोकतंत्र और जीवंत बहुदलीय प्रणाली है, जहां नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से व्यक्त किया जाता है। श्री बिरला ने कहा कि सभी सदस्यों को लोकसभा में अपने विचार रखने की स्वतंत्रता है।उन्होंने कहा कि सभी वैश्विक मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण और बातचीत के जरिए करने वाले भारत के दीर्घकालीन दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि भारतीय संसद ने हमेशा जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता, सतत विकास और कोविड–19 महामारी जैसी समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर व्यापक और सार्थक बहस एवं विचार–विमर्श किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इस विषय को भविष्य के वैश्विक एजेंडे में शामिल किया जाए जिससे हम जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, गरीबी, लैंगिक समानता और आतंकवाद जैसी चुनौतियों से निपटने में ज्यादा से ज्यादा योगदान कर सकें। श्री बिरला ने कहा हमने कोरोना से अपने नागरिकों की रक्षा करने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम चलाया है और साथ ही साथ इस महामारी के खिलाफ लड़ाई में अन्य देशों की सहायता की है।

## जिनपिंग की 4 बड़ी शक्तियां, नई टीम में ये खास लोग हैं शामिल, कोई है प्रोपगेंडा एक्सपर्ट तो किसी पर अमेरिका ने लगा रखा प्रतिबंध

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग को तीसरे कार्यकाल की मंजूरी मिल गई। साम्यवादी चीन के संस्थापक माओ त्योसंग के बाद शी दूसरे ऐसे नेता हैं जो लगातार तीसरी बार देश के राष्ट्रपति पद पर काबिज रहेंगे। कहा तो ये भी जा रहा है कि शी जिनपिंग के पास मौजूद शक्तियां और पद तो माओ से भी अधिक हैं। चीनी मुख्यपत्र चाइना डेली में तो उनके नेतृत्व और उनके संदेशों को नए एस्टेब्लिशमेंट का नाम दिया जाता है।

### चार लोग बने टीम का चेहरा

आने वाले पांच सालों में शी जिनपिंग की नई टीम को जो चेहरे आकार देंगे उनके नाम सामने आ चुके हैं। 69 साल के शी जिनपिंग ने अपनी टीम में प्रधानमंत्री के रूप में ली कियांग, चिन गांग को विदेश मंत्री और जनरल ली शांगफू को चीन का रक्षा मंत्री बनाया गया है। वहीं चीन के वित्त मंत्री ली कुन और पीपुल्क बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर के रूप में यी गांग पर एक बार फिर से भरोसा जताया गया।

### जनरल ली शांगफू बने रक्षा मंत्री

चीन ने अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित सैन्य जनरल को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया। चीन ने ऐसा करके एक तरह से यह प्रदर्शित किया कि वह अपने सैन्यकर्मियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों को तवज्जो नहीं देता है। अमेरिका ने रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए 2018 में चीन के उपकरण विकास विभाग (ईडीडी) द्वारा रूसी सुखोई एसयू-35 लड़ाकू विमान और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल एस-400की खरीद करने के लिए एयरोस्पेस इंजीनियर एवं पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जनरल, जनरल ली शांगफू पर प्रतिबंध लगाया था।

### विदेश मंत्री को स्टेट काउंसलर का दर्जा

चीन के विदेश मंत्री छिन कांग को 'स्टेट काउंसलर' के रूप में पदोन्नत किया गया है, जिससे वह भारत-चीन सीमा वार्ता के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि के पद पर नियुक्त होने वाले संभावित उम्मीदवार हो जाएंगे। चीनी संसद नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) रविवार को अपना वार्षिक सत्र आयोजित कर रही है। एनपीसी ने छिन की विदेश मंत्री के रूप में नियुक्ति का समर्थन किया और उन्हें 'स्टेट काउंसलर' के पद पर पदोन्नत किया, जो चीनी सरकार के कार्यकारी अंग स्टेट काउंसिल या केंद्रीय कैबिनेट के भीतर एक उच्च पद होता है।

### जिनपिंग के करीबी विश्वासपात्र



### ली कियांग देश के पीएम

चीन की संसद के सत्र में प्रधानमंत्री के पद का ऐलान हो गया है। चीन ने शनिवार को शीर्ष नेता शी जिनपिंग के करीबी विश्वासपात्र ली कियांग को देश का अगला प्रधानमंत्री नामित किया। उन्हीं की अगुवाई में चीन ने कोरोना की चुनौती को पार किया। वैसे तो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के वो नाममात्र के लिए प्रभारी हैं। लेकिन प्रधानमंत्री की तरफ से स्टेट काउंसिल (केंद्रीय मंत्रिमंडल) की अध्यक्षता की जाती है।

संपादकीय

# बनायें अभिन्न, हर आज का दिन

हम हर दिन को अच्छे से अच्छा करते जाये । जाने-अनजाने में हो जाएँ यदि हमसे गलती तो जल्दी माफी मांग लेना चाहिए ।पश्चाताप करने से आत्मा भी हल्की बनती हैं ।अब वापिस गलती न करने की मन में पक्की ठान लो । साथ में गलती को भूल जाने की अर्ज़ी दिमाग मे डाल दो । क्योंकि गलतियो पर रोते रहना बहुत बड़ी बेवकूफी है । ये बेवकूफी से सदैव बचो । गलतियो पर रोते रहने से राग-द्वेष की डोर जल्दी नही कटती है । मन-मस्तिष्क पर उदासी बेमतलब छा जाती हैं । यह नकरात्मक तरंगो से दिल दुखी बन जाता है ।अच्छे विचारो को आने की जगह नहीं मिलती हैं । अत: सबसे अच्छी समझदारी इसमें में ही है की गलतियो पर रोते रहने की आदत समूल समाप्त हो जाये । समय बड़ा बलवान होता है ।जो बीत गया वो वापिस लौट कर नहीं आता हैं । हम जन्म-लेते हैं जब कुछ समझ आती है तो उस समय उचित कार्य यह सोच कर टाल देते हैं कि भविष्य में कर लेंगे ।पर समय अपनी गति से चलता रहता है ।जो कार्य जिस समय करना चाहिये उसे नहीं करके हम नादानी में समय उजुल-फ़िज़ूल बातों में नष्ट कर देते हैं ।जब समय दस्तक देता है तब याद आता है कि जिस कार्य को हम्हें बहुत पहले करना था वो समय तो हमने नष्ट कर दिया ।उस समय यह मुहावरा याद आता है कि अब पछताये तो क्या होगा जब चिड़ि़या चुग गयी खेत । वो ही इंसान जीवन में सफल होगा जो सही समय सही काम को क्रियान्वित करेगा। जैसे दिन शुरू होता है तो समय पर ध्यान, योगासन,स्वाध्याय,धार्मिक क्रिया आदि उचित समय पर व्यापार और पारिवारिक कार्य होते है ।अगर इन सभी बातों में जो अमल कर लेगा ।उस इंसान का जीवन सफल बन जायेगा। आने वाले पल को,कब , कहाँ , किसने आदि देखा है? धूप-छांव के मध्य संधि की, कहाँ रेखा है? इस सच्चाई को समझ जो वर्तमान मे जीता है उसने ही भविष्य को वर्तमान मे देखा है।



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

# लालीपॉप नहीं ठोस कृषि नीति की जरूरत?

(लेखक-प्रभुनाथ शुक्ल)



भारत में कृषि सुधार एक अंतहीन बहस का मुद्दा रहा है। स्वतंत्र भारत में लघु और सीमांत किसानों की हालत आज भी जस की तस है। मोदी सरकार किसानों की आय दोगुना करने की बात करती है,लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा कुछ नहीं दिखता। जिसका कारण है कि देश का पेट भरने वाला किसान खुद भूखा, नंगा और फटेहाल है। आजादी के बाद श्वेत और हरितक्रांति के नारे बुलंद किए गए,लेकिन जमीनी स्तर पर उसका लाभ किसानों को नहीं मिला। सरकार की नीतियों की वजह से किसान आत्महत्या करने को मजबूर हुआ। बैंकों के कर्ज तले उसकी पीढ़ियां दबती चली गयीं। किसानों की समस्याओं को लेकर एक स्वतंत्र आयोग का गठन नहीं किया जा सका जो किसानों की समस्याओं की निगरानी रखता। आधुनिक विकास में लघु और सीमांत किसानों के लिए कृषि लाभकारी साबित नहीं हो पायी। अगर ऐसा होता तो किसान आत्महत्या सरीखा कदम कभी नहीं उठता। देश की जीडीपी में कृषि कि हिस्सेदारी तकरीबन 20 फ़ीसदी है। बावजूद किसान की हालत किसी से छुपी नहीं है। महाराष्ट्र में 512 कुंतल प्याज बेचने के बाद किसान को सिर्फ दो रुपए का मुनाफा मिलता है। यह खेती और किसान साथ भद्दा मजाक नहीं तो और क्या है। सरकारों ने किसानों को सिर्फ लालीपॉप दिया उनकी माली हालत सुधारने का प्रयास नहीं किया। केंद्र की मोदी सरकार की तरफ से लाए गए विवादित कृषि कानून की वापसी तो हो गयी, लेकिन किसानों की उपज और मंडी के बीच आर्थिक संतुलन बढ़ाने और लागत घाटा कम करने की कोई ठोस नीति किसानों के लिए नहीं बन पायी। किसान बैंक और साहूकारों के कर्ज के बोझ तले डूबता गया। फसलों का लागत मूल्य तक नहीं निकल पा रहा। भारत का किसान दुनिया का पेट भर सकता है, लेकिन हमारी सरकारों के पास ऐसी नीति नहीं बन पायी की उसकी माली हालत में सुधार हो। किसनों की उपज और उससे जुड़े रासायनिक उर्वरक कृषि संयन्त्र बेंच कर लोग मालामाल हो गए। लेकिन किसान जहाँ का तहाँ रह गया। किसान अपना धान और गेहूं 2200 रुपए प्रति कुंतल के समर्थन मूल्य पर बेचता है। फिर वहीं किसान उसी फसल का बीज कितना महंगा लेता है। उसका सारा लाभांश कौन हजम करता है। कृषि में लगातार लागत घाटा बढ़ रहा है। किसान पीएम योजना जैसी लॉलीपॉप सुविधाएं उसके लिए नाकाफी हैं ।देश का लघु, सीमांत और मध्यम किसानों के लिए कृषि में बेहतर सुधार की आवश्यकता है। किसानों की फसलों का उचित समर्थन मूल्य मिलना चाहिए। फसलों के तैयार होने के बाद तत्काल उन्हें बाजार उपलब्ध कराना। सस्ते दर पर कृषि संयंत्र की उपलब्धता। सिंचाई के लिए बिजली, नहर, ट्यूबेल, तालाब और बॉवड़ी की जरूरत है। सूखा प्रभावित राज्यों में इसके लिए विशेष वित्त की जरुरत है ।इसके साथ रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक, खाद-बीज पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। केंद्र और राज्य सरकार अक्सर धान-गेहूं जैसे उत्पादन के अलावा बेहद कम फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीद करती हैं। जबकि किसान गन्ना, कपास, ज्वार, बाजरा, तिलहन,दलहन,मोटे अनाजों की खेती करता है। उस हालात में उसे उचित बाजार नहीं मिल पाता है। जिन राज्य में सरकारी सुविधाएं उपलब्ध हैं वहां सरकारी खरीद की नीतियां और अफसरशाही के बर्ताव से किसान परेशान उपस्थित हो जाता है। जिसकी वजह है कि किसान कम दामों में बिचौलियों को अपनी फसल बेचने को मजबूर हो जाता है। महाराष्ट्र में नासिक और पुणे जैसे जिले प्याज उत्पादन को लेकर बेहद अग्रणी है। देश की खपत का 42 फिसदी उत्पादन महाराष्ट्र में होता है। लासलगांव एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी है। प्याज एक अच्छा सौदा है बारिश और दूसरे प्राकृतिक प्रकोप की वजह से किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। जबकि यही प्याज बाजारों में 15 से 20 रू. किलो बिक रही है। केंद्र सरकार को ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए कि उत्पादन के बाद किसानों की फसल का हर स्तर पर उचित मूल्य मिलाना चाहिए। किसान के साथ दो रुपए वाला भद्दा मजाक नहीं होना चाहिए। लागत मूल्य से किसान को दो गुना फायदा होना चाहिए। लेकिन महाराष्ट्र और देश के अन्य हिस्सों में किसान उपज के लिए बाजार भाव उपलब्ध न होने पर अपनी खड़ी फसल को नष्ट कर देता है ।लॉकडाउन में यह स्थिति आम देखी गयी। बाजार न मिलने पर यहीं हालत देखने को मिलते हैं। महाराष्ट्र की सिंदे और फडणवीस सरकार किसानों को लेकर अपने बजट को ऐतिहासिक बता रही है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इसे हलवा बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अभी तक तौकते तूफान से प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाया है। राज्य में प्याज की अच्छी कीमत ना मिलने पर किसान अपनी फसल की जुताई करने को मजबूर हैं। महाराष्ट्र सरकार ने भी पीएम किसान की तर्ज पर यहां किसानों को ₹6000 देने का फैसला किया है और कई लाभारी योजनाओं की घोषणा की है, लेकिन किसानों को कितना लाभ होगा यह भविष्य बताएगा। कृषि लागत को देखते हुए यह नाकाफी है। हालांकि कई घोषणाएं अच्छी हैं लेकिन परिणाम जब अच्छे हों तब। महाराष्ट्र सरकार एक रुपए में फसल बीमा उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। लेकिन जमीनी बात यह है कि फसल बीमा की नीतियां ही कारगर नहीं हैं। उसका अच्छा लाभ किसानों को नहीं मिल पाता है यह सरकारें भी अच्छी तरह जानती हैं। बीमा कंपनियों का नियम इतना उलझा है कि किसान खुद उलझ जाता है। प्राकृतिक आपदा में सामूहिक स्तर पर किसानों का नुकसान होने पर ही फसलों का आकलन होता है। जबकि किसान व्यक्तिगत रूप से भी प्रभावित होता है। आपदा के बाद किसानों को जो भी मदद मिलती है वह भी सवाल खड़े करती है। महाराष्ट्र में एक आंकड़े के अनुसार 2.10 करोड़ हेक्टेयर पर कृषि की जाती है। कृषि और उससे जुड़े संबंधित गतिविधियों में यहां 65 फ़ीसदी श्रमिक काम करते हैं। महाराष्ट्र भारत का सर्वाधिक प्याज उत्पादक राज्य है। यहां धान, ज्वार बाजरा, कपास, गन्ना, गेहूं, दलहन और तिलहन फसलों का उत्पादन किया जाता है। इसमें मूंगफली, सूरजमुखी सोयाबीन, जैसी फसलें आती हैं। सिंचाई की सुविधाओं में नहर, डैम, बावड़ी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं । विदर्भ जैसा इलाका सूखे से प्रभावित रहता है। महाराष्ट्र और देश में किसानों की आत्महत्या को लेकर भी सवाल खड़े होते हैं। सरकारें किसी की हों लेकिन आत्महत्याएं नहीं थमती हैं। राज्य में किसानों की आत्महत्या रुकने का नाम नहीं लेती। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में 1023 जबकि 2021 में 887 किसानों ने आत्महत्या किया। किसानों की आत्महत्या सरकारों के लिए बड़ी चुनौती है। इसकी मुख्य वजह किसानों की उपज का उचित लाभ बिचौलियों और ऊपर वाले कमाते हैं ।महाराष्ट्र और पूरे भारत में बढ़ता कृषि घाटा किसानों की सबसे बड़ी समस्या है। इसके बाद बाढ़ और सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाएं इस समस्या को और बढ़ाती हैं ।जिसकी वजह से किसानों को उसकी मेहनत का परिणाम नहीं मिल पाता है और किसान कर्ज के बोझ तले दब जाता है। कृषि लागत तक निकालना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। बैंक से कर्ज लेने के बाद फसल का अच्छा उत्पादन न होने पर किसान कर्ज में डूब जाता है और आत्महत्या करने पर विवश होता है। सरकारों को किसानों के कर्ज के मसले पर एक ठोस नीति बनानी चाहिए ।चुनावी योजनाओं का लालीपॉप उन्हें देने के बजाय जमीनी स्तर पर कृषि के ढांचागत विकास के लिए काम करना चाहिए।

## आज का राशीफल

**मेष** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**वृषभ** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। धन लाभ के योग हैं।

**मिथुन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। किसी मित्र या रिश्तेदार से धन लाभ के योग हैं। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। विरोधी परास्त होंगे।

**कर्क** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**सिंह** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। शासन सत्ता से तनाव मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कन्या** आर्थिक योजना फलीभूत होगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। भारी व्यय की संभावना है। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुला** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। विरोधी परास्त होंगे।

**वृश्चिक** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वाद-विवाद की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी।

**धनु** व्यावसायिक योजना सफल होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वाद विवाद की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी।

**मकर** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। अनावश्यक व्यय हो सकता है।

**कुम्भ** प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आमोद-प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी।

**मीन** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जनों से पीड़ा मिलेगी। धार्मिक यात्रा भी हो सकती है। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे।

# रग-रग में समाया था हरियाणवी अनुराग



सत्यवीर नाहड़िया

तमाम छोटी-बड़ी हिंदी फिल्मों से जुड़े रहे निर्माता-निर्देशक, पटकथा लेखक-अभिनेता सतीश कौशिक के जीवन के इतने आयाम हैं कि एक व्यक्ति में उनका होना किसी अचरज से कम नहीं है। यही वजह है कि उनके असामयिक निधन से सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, पूरा देश स्तब्ध है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा प्रदेश, खासकर अहीरवाल क्षेत्र तथा विशेष रूप से उनके पैतृक गांव के लिये तो यह बड़ी क्षति है। हालांकि प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी जन्मभूमि महेंद्रगढ़ जिले के गांव धनौंदा की विशेष चर्चा नहीं हुई। लेकिन इस छोटे से गांव से निकलकर बॉलीवुड में पैर जमाना कोई आसान नहीं था। इसे उनके संघर्ष की गाथा का प्रमाण ही कहा जा सकता है। बृहस्पतिवार को जैसे ही एनएसडी से उनके बैचमेट रहे फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने अपने टि्वटर हैंडल से उनके निधन की जानकारी दी, उनके प्रशंसकों, गांव व परिवार के लोगों को गहरा दुख हुआ। इसी बीच मीडियाकर्मियों का उनकी जन्मस्थली धनौंदा गांव पहुंचने का सिलसिला भी दिनभर जारी रहा। जहां उनके चचेरे भाई के परिवार के सदस्य उनके जीवन से जुड़ी दुर्लभ जानकारियां मीडियाकर्मियों को देते नजर आये। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल, 1956 को हरियाणा प्रदेश के महेंद्रगढ़ जिले में स्थित धनौंदा गांव में सतीश कौशिक का जन्म हुआ। एक सामान्य परिवार में पिता बनवारी लाल कौशिक तथा माता बसंती के घर जन्मे बालक सतीश की प्राथमिक शिक्षा गांव में हुई। कालांतर साल 1972 में किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली से स्नातक डिग्री हासिल करने तथा फिर एनएसडीसी में अपनी रंगमंचीय प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला। बॉलीवुड में लंबे संघर्ष के बाद उन्हें मिस्टर इंडिया के 'कैलेंडर' किरदार के रूप में पहली बार बड़ी पहचान मिली। फिल्म राम-लखन तथा साजन चले ससुराल आदि के लिये दो बार फिल्म फेयर अवार्ड से नवाजे गए सतीश कौशिक ने निर्देशन, निर्माण, पटकथा लेखन के अलावा अभिनेता व हास्य अभिनेता के रूप में बहुआयामी भूमिका निभाई। मां-बोली हरियाणवी के प्रति उनका अपनापन व विशेष लगाव 'छोरियां छोरों से कम नहीं' जैसी हरियाणवी फिल्म दे गया। उनके गांववासियों को आज भी वह दृश्य याद है, जब उन्होंने अपने गांव के एक स्टेडियम में इस फिल्म को विशेष प्रबंधन के साथ दिन में ग्रामीणों को दिखाया था। इतना ही नहीं, इससे पहले उन्होंने सरकार से शहीद महेशपाल स्टेडियम के लिए करीब डेढ़ करोड़ की ग्रांट भी दिलवाई थी। गांव के ठाकुर अतरलाल, सूबेदार सूरत सिंह, राजेंद्र नंबरदार, सतपाल आदि के जेहन में उनके साथ बिताये लम्हों की अनमोल स्मृतियां आज भी अंकित हैं। उनके चचेरे भाई सुभाष बताते हैं कि वे संघर्षों में तपकर कुंदन बने थे। अहीरवाल के कला, साहित्य, संस्कृति तथा सिनेमा से जुड़े अनेक रचनाकारों तथा कलाकारों की स्मृति में उनसे जुड़े अनेक संस्मरण आज भी जिंदा हैं। अनेक हिंदी तथा हरियाणवी फिल्मों में विभिन्न भूमिकाएं निभा चुके अभिनेता विजय भाटोटिया आज भी उनके निर्देशन में 'हमारी बहू मालिनी अय्यर' नामक सीरियल की शूटिंग के वक्त की कई बातें नहीं भूले हैं। हरियाणवी फिल्मों में काम कर चुके वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल शर्मा की मानें तो एक कार्यक्रम में मंच पर सवाल-जवाब की स्मृतियां आज भी उनके मानस पटल पर ताजा हैं। 'पीहर की चुंदड़ी' सहित अनेक हरियाणवी फिल्मों तथा थिएटर से जुड़े कलाकार ऋषि सिंहल आदि को शहर के बीएमजी मॉल में फिल्म प्रमोशन के लिए पधारे सतीश कौशिक के सात हास-परिहास याद है। अभिनेता-अधिवक्ता रणजीत सिंह आज भी यह नहीं भूलते कि हरियाणवी फिल्म 'माटी करे पुकार के' के निर्माण के सिलसिले में जब वे मुंबई में उनसे मिलने गए तो उनके व्यवहार व माटी के प्रेम की अभिव्यक्ति ने उन्हें नई ऊर्जा व संबल दिया। हरियाणवी संस्कृति के प्रति गहरे लगाव के तमाम किस्से हरियाणा के लोगों की जुबान पर हैं। गत वर्ष नवंबर माह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी माटी से लगाव की मिसाल तब नजर आई जब वे अपनी एक फिल्म की शूटिंग बीच में छोड़कर आए। साहित्य, कला, संस्कृति एवं शिक्षा के मंचों पर सक्रिय नरेश कौशिक बताते हैं कि गांव से उन्हें अथाह प्रेम था, यहां उनका आना-जाना लगा रहता था। गांव के खेल आयोजनों में पधारने वाले सतीश कौशिक के फिल्मी किरदारों के अलावा निजी जीवन में हास परिहास व रौब पर ठेठ अहीरवाटी बोली में टिप्पणी करते हुए एक बुजुर्ग कहते हैं- बनवारी को छोहरो... थो टोरो हे न्यारो..! सतीश कौशिक ने बॉलीवुड की चमक-दमक में रहने के बावजूद हरियाणवी सिनेमा से लगाव बनाये रखा। एक बातचीत में उन्होंने कहा था कि आने वाला समय हरियाणवी सिनेमा का है। हरियाणवी बोली की धमक बॉलीवुड तक है। इस दिशा में उन्होंने सार्थक प्रयास किये भी हैं।

विचार मंथन

# संसद सत्र, विपक्षियों पर जांच एजेंसियों की कार्रवाई

(लेखक-सनत कुमार जैन)

-धार्मिक एवं भ्रष्टाचार के आधार पर ध्रुवीकरण

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू हो रहा है। हिंडन वर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अडानी समूह और प्रधानमंत्री को लेकर संसद के पहले चरण में विपक्षी द्वारा काफी हंगामा किया गया था। विपक्षी दलों ने एकजुट होकर जेपीसी गठन की मांग की थी। संसद सत्र के दूसरे चरण के पहले सुनियोजित रणनीति के तहत सत्तापक्ष ने, विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं को भ्रष्टाचार के मुद्दे में घेरकर, संसद सत्र के दूसरे चरण में, विपक्ष का मुकाबला करने की रणनीति के तौर पर यह कार्रवाई देखी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है, ईडी और सीबीआई जो कार्यवाही कर रही है,उसमें विपक्ष को निशाने पर रखा जा रहा है ।संसद में अडानी वाले मामले के प्रचार प्रसार को रोकना भी सत्ता पक्ष का मकसद हो सकता है। संसद के अंदर सत्ता पक्ष, विपक्षी दलों को कटघरे में खड़ा करने की रणनीति के तहत, ईडी और सीबीआई की कार्रवाई सरकार की मदद करेगी। वहीं कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है, कि 2024 के लोकसभा तथा 2023 के विधानसभा चुनाव की पूर्व तैयारी के रूप में इसे देखा जा रहा है। हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण की तरह अब भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आम जनता के बीच नए ध्रुवीकरण के लिए जांच एजेंसियों का सहारा लिया जा रहा है। इसका फायदा चुनावों में होगा। सत्ता पक्ष के पास नरेंद्र मोदी हैं। जिनके बारे में आम जनता के बीच में यह छवि बनी हुई है, कि वह ईमानदार राजनेता है। वह एक हिंदू राजनेता हैं। उनका कोई परिवार नहीं है। वह किसके लिए भ्रष्टाचार करेंगे। अत: उनके रहते हुए आम जनता के मन में यह छवि बनी रहेगी। जनता के बीच मोदी के रहते भाजपा में कोई भ्रष्टाचार नहीं हो सकता है। यह विश्वास बना रहेगा। वहीं विपक्षी दलों के लगभग लगभग सारे राजनेताओं को भ्रष्टाचार के आरोप में सीबीआई और ईडी ने अपने निशाने पर ले रखा है। इन सब के ऊपर मुकदमे दर्ज कराकर, इन्हें न्यायालय से जमानत लेने की बाध्यता, विपक्षी राजनेताओं के लिए सत्तापक्ष द्वारा तैयार की गई है। नेशनल हेराल्ड के मामले में जिस तरह से भाजपा नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जमानत पर होना बताते हैं, उसी तरह 2024 के चुनाव में विपक्षी दलों के नेताओं को दागी बताते हुए जमानत पर होने, उन्हें दोषी साबित करना, चुनावी रणनीति का हिस्सा होगा। 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हिंदू-मुस्लिम की तरह भ्रष्टाचार के रूप में अब भाजपा के पास दो - धारी तलवार होगी। जो विपक्ष को कमजोर और नेस्त नाबूत करने का काम करेगी। भाजपा वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए, विपक्षी राजनीतिक दलों को आर्थिक रूप से कमजोर करने की रणनीति पर भी काम कर रही है। राजनेताओं के घरों, उनके परिवारजनों तथा उनकी मदद करने वाले लोगों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरने की तैयारी के रूप में इसे देखा जा रहा है। विपक्ष पूरा बिखरा हुआ है। भाजपा सुनियोजित रणनीति बनाकर चुनाव मैदान में उतरती है। वैसी महारत स्थिति भारत के किसी भी राजनीतिक दल के पास नहीं है। कैग के मुखिया जब विनोद राय थे। उन्होंने अनुमान के आधार पर 2जी घोटाला, कोल घोटाला, कामनवेल्थ घोटाला, में कल्पनाओं के आधार पर भ्रष्टाचार करने ओर सरकार को नुकसान होने की रिपोर्ट जारी की थी। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है, कि ना तो 2ज्ञ घोटाला अदालत में साबित हो पाया। ना ही कोल घोटाले में कोई गड़बड़ी पाई गई। कामनवेल्थ घोटाला भी आया गया हो गया। विनोद राय जरूर सेवानिवृत्ति के बाद एक बड़े-बड़े के बाद एक पद पाते चले गए। कैग रिपोर्ट को आधार बनाकर भाजपा ने, कांग्रेस को सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी बना दिया। कैग की रिपोर्ट होने के कारण जनता ने भी उस पर विश्वास कर लिया। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। वह सत्ता से बेदखल हो गई। साथ ही भ्रष्टाचारी पार्टी होने का तगमा भी कांग्रेस पर चिपक गया। यही रणनीति अब 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अपनाई जा रही है। जहां पर गैर भाजपाई राजनीतिक दलों को जिनका भाजपा के साथ गठबंधन नहीं है, उन्हें भ्रष्टाचारी पार्टी और भ्रष्ट नेता बताकर जमानत पर होने की बात कहकर, आम जनता के बीच धार्मिक ध्रुवीकरण की तरह आम जनता के मन में भ्रष्टाचार को लेकर नये ध्रुवीकरण बनाने की रणनीति पर भाजपा काम कर रही है। इसमें सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों का सहारा लिया जा रहा है।



# समर वेडिंग के लिए परफेक्ट हैं फ्लोरल लहंगे

गर्मी का मौसम शुरु हो गया है। इस मौसम में अगर आपको किसी शादी में जाना हो तो सबसे पहले मन में यही ख्याल आता है कि इतनी गर्मी में डीप कलर के हेवी लहंगे या साड़ियां पहनी कैसे जाएंगी। तो आपकी इस समस्या का हल है फ्लोरल लहंगे। लाइट और ब्राइट कलर्स के फ्लोरल लहंगे समर वेडिंग के लिए परफेक्ट चॉइस है।

### ट्रेडिशनल अवतार


लाइट पिंक कलर की चिकनकारी वर्क वाली स्कर्ट के साथ पतले स्ट्रैप वाली ब्लाउज और फ्लोरल दुपट्टा...यह लुक इस लुक को अपनी किसी दोस्त या रिश्तेदार के शादी में ट्राई कर सकती हैं।

लॉन्ग फ्लोरल लहंगे के लुक वाली स्कर्ट संग मैचिंग केप डिजाइन वाली क्रॉप टॉप और खुले बाल में बेहद खूबसूरत लगेंगी। ब्राइस्मेड के तौर पर भी आप इस लुक को गर्मी के मौसम की शादियों में ट्राई कर सकती हैं।

ऑफ वाइट कलर का फ्लोरल लहंगा स्कर्ट, मैचिंग दुपट्टा और डीप ग्रीन कलर की ब्लाउज। गर्मियों में जब लाइट और ब्राइट कलर्स का ट्रेंड रहता है, ऐसे में यह लहंगा परफेक्ट चॉइस है।

### सिंपल लुक

अगर आपको भी लाइट कलर्स पसंद हैं तो किसी दोस्त या रिश्तेदार की समर वेडिंग में इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। पाउडर ब्लू कलर और पिंक कलर का यह लहंगा देखने में भले ही बेहद सिंपल हो लेकिन यह आपको अलग और डिफरेंट लुक देगा।



# ब्राइडल लुक को और खास बना देंगे नथ के ये डिजाइन

भारतीय दुल्हन के श्रृंगार में चार चांद लगाने का काम करती है नथ जो चेहरे की खूबसूरती को और भी बढ़ा देती है। अगर आप भी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं तो नथ लेते समय इसके नए डिजाइंस के बारे में एक बार जरूर जान लें।

दुल्हन बनने की तैयारी कर रहीं हैं और कपड़ों के साथ ही सही ज्वैलरी डिजाइंस को चुनना जरुरी है। ज्वैलरी का सबसे खास हिस्सा होता है नाक की नथ और इसके कई सारे डिजाइन आपको बाजार में मिल जाएंगे।

रिंग वाली नथ- अगर आप बहुत सिम्पल सी नथ पहनना चाहती हैं तो रिंग वाली नथ ट्राई कर सकती हैं।

जड़ाऊ नथ- जड़ी हुई नथ शादी के दिन बेहद खास लुक देती है। आप इसे जड़ाऊ लंहगे के साथ पहन सकती है।

मल्टीपल चेन वाली नथ- अगर आप ज्वैलरी डिजाइन के साथ प्रयोग करना चाहती हैं तो तीन चैन वाली नथ को पहनकर देखिए यह आपके चेहरे का लुक ही बदल देगी। इसके साथ हैवी मांगटीका भी बहुत अच्छा लगता है।

ब्रांज नथ- इसे प्योर गोल्ड से बनाया जाता है जो हल्का सा डल लुक देता है।

हूप नथ- बड़ी सी नथ पहनने से अच्छा है कि आप छोटी सी ही नोज रिंग पहनें। यह पहनने और कैरी करने में आसान रहती है।



# त्वचा की हर समस्या का समाधान रखता है शहद, जानिए इसके फायदे

जब भी स्किन केयर की बात होती है तो हम नेचुरल आइटम्स पर अधिक फोकस करना पसंद करते हैं। इनसे स्किन को किसी भी तरह के नुकसान होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। वहीं, दूसरी ओर यह नेचुरल इंग्रीडिएंट्स हर तरह की स्किन के लिए अच्छे माने जाते हैं। इन्हीं स्किन केयर इंग्रीडिएंट्स में से एक है शहद। शहद को लंबे समय से कभी स्किन केयर पैक तो कभी यूं ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें गजब के मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो आपकी स्किन को अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको शहद से स्किन को मिलने वाले कुछ गजब के फायदों पर चर्चा कर रहे हैं-

### मिलती है ग्लोइंग स्किन

अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली हेल्दी व ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो इसके लिए शहद से अधिक बेहतर उपाय और कोई नहीं है। शहद में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं और यह उपयोग के बाद यह आपके फेस पर चमक के साथ-साथ नमी भी बनाए रखता है। रूखी स्किन की महिलाएं तो इसे इस्तेमाल करती हैं ही, साथ ही साथ यह ऑयली, एक्ने और अन्य स्किन के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है।

### निशानों को करे हल्का

शहद में प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो घाव भरने और निशानों को मिटाने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आप अपनी स्किन पर किसी तरह के निशान को हल्का करना चाहते हैं तो ऐसे में शहद के इस्तेमाल से वह धीरे-धीरे मिटने लगते हैं। आप एक्ने के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए शहद का इस्तेमाल स्पॉट ट्रीटमेंट के रूप में कर सकते हैं।

### एजिंग के साइन्स को करे रिवर्स

अगर आप अपनी स्किन को अधिक लंबे समय तक जवां-जवां बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में शहद का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। शहद में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करते हैं। शहद चेहरे पर झुर्रियों और महीन रेखाओं की उपस्थिति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, शहद को चेहरे पर लगाने से स्किन की इलास्टिसिटी बेहतर होती है, जिससे वह जवां और चमकदार दिखती है। आप हर सप्ताह शहद का मास्क लगा सकती हैं और अपनी स्किन को अधिक यंगर बना सकती हैं।

### सनबर्न से राहत

अगर आपकी स्किन पूरे दिन धूप में रहने के कारण डैमेज हो रही है तो ऐसे में शहद आपकी मदद कर सकता है। धूप से झुलसी त्वचा के कारण स्किन में रेडनेस, सूखापन और जलन महसूस होती है। ऐसे में अपनी स्किन को ठंडक प्रदान करने के लिए आप एक भाग कच्चे शहद को दो भाग एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें और सीधे प्रभावित जगह पर लगाएं। याद रखें कि आप मिश्रण को रगड़ें नहीं, बल्कि इसकी लेयर लगाकर ऐसे ही छोड़ दें। यह उपाय ना केवल सनबर्न से राहत दिलाएगा, बल्कि आपकी स्किन के रंग-रूप में भी सुधार करने में मदद करेगा।

# खूबसूरत बाल के लिए अपनायें ये उपाय

आजकल प्रदूषण और सही डाइट ना लेने के कारण कम उम्र में ही बाल सफेद होने लगते है। ऐसे में आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाकर आप बालों की समस्याओं से राहत पा सकती हैं। कई बार ध्यान न देने की वजह से लोगों के बाल रूखे-सूखे और बेजान होने के साथ कम उम्र में ही झड़ने लगते हैं। ऐसे में अपने बालों को फिर से लंबे और खूबसूरत बनाने के लिए आयुर्वेद नुस्खे अपना सकती हैं।

मेथी दाना- मेथी दाने में भरपूर मात्रा में फोलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन सी पाया जाता है। इसमें प्रोटीनऔर निकोटीन एसिड भी पाया जाता है, जिससे झड़ते बालों की समस्या दूर हो जाती है। स्कैल्प हेल्दी रहती है और बाल डैमेज नहीं होते हैं। इसके लिए आप अपनी डाइट में भी मेथी दाना शामिल कर सकते हैं। रात में 2 चम्मच मेथी दाने को पानी में भिगो दें। अगली सुबह वो पानी पी लें। बचे हुए मेथी दाने को पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को जड़ों में लगाकर 20 मिनट बाद बाल धोलें। बाल जल्दी घने, लंबे और मजबूत बनेंगे।

आंवला- डाइट में विटामिन सी की कमी के कारण भी बाल झड़ने लगते हैं और बालों में डैंड्रफ की समस्या होने लगती है। लेकिन आंवले के सेवन और बालों में आंवले के तेल से मालिश करने से बालों की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। साथ ही बाल लंबे समय तक काले रहते हैं।

दही- दही में कूलिंग प्रॉपर्टीज होने के साथ प्रोटीन भी पाया जाता है। प्रोटीन स्कैल्प की हेल्थ और नए फोलिसल्स की ग्रोथ के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने बालों पर दही से मसाज करें और 15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद शैंपू से सिर धो लें। बालों पर दही लगाने से बाल मजबूत होने के साथ कोमल और मुलायम भी बनते हैं।

बालों के झड़ते बालों की समस्या को दूर करने के लिए छाछ, दालचीनी, तरबूज, अंगूर आदि चीजों का सेवन करना चाहिए। इनके सेवन शरीर को जरूरी पोषक मिलते हैं, जो बालों को सेहतमंद बनाने के लिए जरूरी होते हैं।





# इस प्रकार सुंदर और लंबे होंगे नाखून

लड़कियों को लंबे-लंबे नाखून रखना पसंद होता है, लेकिन इन्हें लंबा करना कोई आसान काम नहीं होता। अगर आसान होता तो हर किसी के हाथ में लंबे नाखून देखने को मिलते। कई लड़कियों के नाखून लंबे होते है तो सुंदर नहीं होते। नाखूनों को सुंदर और लंबा इस प्रकार बनाएं।

बहुत सारी महिलाओं के नाखून बढ़ते तो हैं लेकिन कमजोर होने के चलते जल्दी टूट जाते हैं। ऐसा हमारे शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण होता है, इसलिए सबसे पहले आपको अपनी डाइट में बदलाव करना होगा। आपको कुछ ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना होगा जिससे आपको पोषक तत्व मिलें।

### संतरे का रस

संतरे के रस को दस मिनट तक अपने नाखूनों पर लगाएं। इसके बाद अपने हाथों को गुनगुने पानी से धो लें। कुछ दिन तक ऐसा करने से आपके नाखून कुछ दिनों में बढ़ने लगेंगे।

### ऑलिव ऑयल

नाखून लंबे करने के लिए रोजाना ऑलिव ऑयल से नाखूनों की मालिश करें। विटामिन ई से भरपूर ऑलिव ऑयल नाखूनों को पोषण प्रदान करता है और खून का फ्लो नाखूनों तक बढ़ाता है जिससे नाखून तेजी से बढ़ना शुरु हो जाते हैं।

### लहसुन

नाखूनों को बढ़ाने के लिए लहसुन एक बेहतरीन उपाय माना जाता है। लहसुन को दो टुकड़ों में काट कर उसे 10 मिनट तक अपने नाखूनों पर रगड़ें। ऐसा करने से आपके नाखून कुछ ही दिनों में अच्छे खासे बढ़ जाएंगे।



# गर्मी में डेनिम वियर से मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम में खानपान के साथ ही पहनावे का भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है। इस मौसम में गर्मी से राहत पाने के साथ ही स्टाइलिश दिखने के लिए आप डेनिम कपड़ों का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह कपड़े घर बाहर और ऑफिस सब जगह पहने जा सकते हैं।

डेनिम पैंट- डेनिम पैंट का हर समय चलन रहता है पर गरमी के मौसम में डेनिम पैंट आपके लिए काफी आरामदायक रहती है।

डेनिम शर्ट और कुर्ती - गर्मी में आप डेनिम की शर्ट और कुर्ती पहन सकती हैं। ये परिधान इस मौसम में आरामदायक होने के के साथ देखने में अच्छे भी लगते हैं।

डेनिम मिडी स्कर्ट- इस गर्मी के मौसम में आप डेनिम का मिडी स्कर्ट ट्राई कर सकती हैं। यह मिडी स्कर्ट आपको गर्मी से राहत दिलाएगी और काफी हद तक स्टाइलिश भी है।

डेनिम जैकेट- धूप से बचने के लिए आप डेनिम जैकेट को पहन सकती हैं। यह आपको स्टाइलिस लुक देने के साथ ही गरमी की तपिश से बचाएगा।

# 3 दिन में शेयर बाजार में निवेशकों के डूबे 7.3 लाख करोड़

## 1 दिन में 897 बीएसई 258 अंक निफ्टी टूटा

**1 सप्ताह में अमेरिका के 3 बैंक दिवालिया होने की कगार पर क्रिप्टोकरंसी सारी दुनिया के देशों पर भारी पड़ी**

**मुम्बई.** दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट का दौर देखने को मिल रहा है। सारी दुनिया में वित्तीय संकट को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। क्रिप्टो करेंसी के कारोबार ने सारी दुनिया के बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के लिए बड़ा संकट पैदा कर दिया है। आज दुनिया भर के सभी देशों के शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए।भारत का शेयर बाजार भी इससे अछूता नहीं रहा।बीएससी 897 अंक और निफ्टी 258 अंक टूटकर बंद हुआ।पिछले तीन कारोबारी दिनों में भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों को 7.3 लाख करोड़ रुपयों का नुकसान उठाना पड़ा। सारी दुनिया के देशों में अमेरिका की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।नवंबर माह में क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स बंद होने के बाद से, सारी दुनिया के बैंकों और वित्तीय संस्थानों में इसका असर पड़ना शुरू हो गया था।क्रिप्टो मुद्रा में आई गिरावट के बाद सिलिकॉन वैली की टेक कंपनियों के अस्तित्व को लेकर एक नया सवाल खड़ा हो गया है।1 सप्ताह के अंदर अमेरिका के 3 बैंक जिसमें सिल्वर गेट बैंक सिलीकान वैली और सिग्नेचर बैंक दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके हैं। दुनिया के सभी देशों के शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सारी दुनिया के देश आर्थिक मंदी के एक नए संकट में फंसते हुए दिख रहे हैं।सारी दुनिया के देशों का आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है।सारी दुनिया के सामने बेरोजगारी और आर्थिक संकट को लेकर हाहाकार मचना शुरू हो गया है। आर्थिक मंदी की एक नई लहर सारी दुनिया में चलना शुरू हो गई है। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आया है। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के सभी सेक्टोरियल इंडेक्स नुकसान के साथ ही लाल निशान पर रहे। बीएसई के मिडकैप सूचकांक में 1.7 फीसदी और स्मॉलकैप सूचकांक में 2 फीसदी की गिरावट रही।

इस गिरावट का एक अहम कारण अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक का डूबना भी रही। इससे बैंक, वित्तीय और वाहन शेयरों में भारी बिकवाली का माहौल रहा। वहीं विश्व के विभिन्न देशों में केंद्रीय बैंकों की नीतिगत दर बढ़ाये जाने की आशंका के बीच ही विदेशी पूंजी के बाहर जाने से भी घरेलू बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 897.28 अंक फिसलकर 58,237.85 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 258.60 अंक तकरीबन 1.49 फीसदी नीचे आने के बाद अंत में 17,154.30 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के सभी सेक्टोरियल इंडेक्स नुकसान के साथ ही लाल निशान पर रहे। सेंसेक्स के शेयरों में केवल टेक महिंद्रा लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुआ। टेक महिंद्रा के शेयरों में करीब 6.79 फीसदी की तेजी आई।




## हुंदै ने जनरल मोटर्स के विनिर्माण उपकरण अधिग्रहण करने करार किया

**नई दिल्ली ।** हुंदै मोटर इंडिया ने जनरल मोटर्स इंडिया के तेलंगाना स्थित विनिर्माण संयंत्र में कुछ विनिर्माण उपकरणों, कुछ भूमि एवं इमारतों का अधिग्रहण करने के उद्देश्य से एक गैर-बाध्यकारी समझौता किया है। कार निर्माता कंपनी हुंदै मोटर ने एक बयान में कहा कि यह समझौता महाराष्ट्र स्थित संयंत्र से संबंधित कुछ परिसंपत्तियों के संभावित अधिग्रहण के लिए है। इसके दायरे में भूमि एवं इमारतों का प्रस्तावित अधिग्रहण और तेलंगाना संयंत्र से कुछ विनिर्माण संयंत्रों का अधिग्रहण भी है। जनरल मोटर्स ने भारत में दो दशक से भी अधिक समय तक परिचालन करने के बाद 2017 के अंत में अपनी वैश्विक पुनर्गठन कार्रवाई के तहत देश में कारें बेचना बंद कर दिया था। उसके तेलंगाना स्थित संयंत्र में करीब 1.3 लाख इकाई तथा 1.6 लाख इंजन प्रतिवर्ष की स्थापित विनिर्माण क्षमता है।

## सैमसंग भारत में लांच करेगी दो 5 जी स्मार्टफोन

**-चल रही गैलेक्सी ए34 5जी और गैलेक्सी ए54 5जी स्मार्टफोन लॉन्च की तैयारी**

**नई दिल्ली ।** साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग 15 मार्च को दो 5 जी स्मार्टफोन लांच करेगी। कंपनी गैलेक्सी ए34 5जी और गैलेक्सी ए54 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करने तैयार है। इन फोनों का भारत में लॉन्च भी अगले सप्ताह होगा। गैलेक्सी ए34 और गैलेक्सी ए54 दोनों ही सैमसंग के 5जी-रेडी स्मार्टफोन के पोर्टफोलियो में इजाफा करेंगे और कंपनी को भारत में 5जी में अपना नेतृत्व बनाए रखने में मदद करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार गैलेक्सी ए34 5जी और गैलेक्सी ए54 5जी की कीमत 30,000 रुपये से 40,000 रुपये के बीच हो सकती है। गैलेक्सी ए34 5जी और गैलेक्सी ए54 5जी पिछले साल के गैलेक्सी ए53 और गैलेक्सी ए33 मॉडल की जगह लेंगे। सूत्रों ने कहा कि इन दोनों स्मार्टफोन्स की कीमत पिछले साल के डिवाइसों की तुलना में थोड़ी अधिक होने की संभावना है और वृद्धि उच्च मेमोरी वेरिएंट के कारण हो सकती है। गैलेक्सी ए34 5जी मीडियाटेक डायमेंसिटी 1080 चिपसेट के साथ 8 जीबी तक रैम और 256 जीबी स्टोरेज से लैस होगा। गैलेक्सी ए54 5जी एक्सिनोस 1380 चिपसेट द्वारा संचालित होगा, जो 8 जीबी रैम और 256 जीबी तक स्टोरेज के साथ होगा। गैलेक्सी ए34 5जी और गैलेक्सी ए54 5जी दोनों में सुपर एमोएलईडी डिस्प्ले, 5,000 एमएएच बैटरी और 25वॉट फास्ट चार्जिंग की सुविधा होने की संभावना है। दोनों डिवाइस को बॉक्स से बाहर एंड्रॉइड 13 ओएस के साथ आने के लिए इत्तला दे दी गई है। गैलेक्सी ए34 5जी और गैलेक्सी ए54 5जी की लॉन्चिंग इस साल सैमसंग के ए सीरीज स्मार्टफोन के पोर्टफोलियो को चार प्रीमियम मिड-रेंज स्मार्टफोन तक ले जाएगी। कंपनी ने इससे पहले गैलेक्सी ए14 5जी और ए23 5जी को देश में लॉन्च किया था।सैमसंग पिछले कुछ वर्षों से गैलेक्सी ए सीरीज के स्मार्टफोन्स में फ्लैगशिप इनोवेशन पेश कर रहा है। इस साल कंपनी गैलेक्सी ए34 5जी और गैलेक्सी ए54 5जी में नाइटोग्राफी फीचर पेश करेगी। सूत्रों ने कहा कि सैमसंग सीमित अवधि के लिए दोनों स्मार्टफोन के साथ आकर्षक ऑफर पेश कर सकती है।



## सिलिकॉन वैली के बाद अब सिग्नेचर बैंक पर लटका ताला

**नई दिल्ली ।** अमेरिका बैंकिंग संकट का सामना कर रहा है। अमेरिका के बैंकों पर एक के बाद एक कर ताले लटक रहे हैं। पहले सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) बैंक और अब एक और अमेरिकी बैंक पर ताला लटक गया है। अमेरिका में बैंकिंग संकट के बीच अब सिग्नेचर बैंक पर अस्थाई रूप से ताला लग दिया गया है। सिग्नेचर बैंक के पास क्रिप्टोकरेंसी का स्टॉक था। क्रिप्टोकरेंसी में जोखिम को देखते हुए इस बैंक को अस्थाई तौर पर बंद करने का फैसला किया गया है। गौरतलब है कि सिग्नेचर बैंक न्यूयॉर्क का एक क्षेत्रीय बैंक है। वहीं एक हफ्ते के भीतर ये दूसरा अमेरिकी बैंक है, जिसे बंद किया गया है। बैंक की आर्थिक स्थिति को देखत हुए फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने सिग्नेचर बैंक पर अपना नियंत्रण हासिल कर लिया है। साल 2022 में बैंक के पास 110.36 अरब डॉलर की संपत्ति थी। क्रिप्टोकरेंसी स्टॉक की स्थिति को देखते हुए बैंक को कुछ दिनों के लिए बंद करने का फैसला किया गया है। अमेरिकी बैंकों पर मंडरा रहे इस संकट को देखते हुए इमरजेंसी बैठक बुलाई गई है। बैंकिंग क्राइसिस से निपटने के लिए डिपॉजिट इंश्योरेंस कार्पोरेशन और फेडरल रिजर्व प्लान तैयार कर रहे हैं।




# अडानी ग्रुप ने समय से पहले चुका दिया 21,700 करोड़ का कर्ज

**मुंबई ।**

अडानी ग्रुप ने 2.15 अरब अमेरिकी डॉलर (2,17,20,85,75,000 रुपए) का मार्जिन लिंक्ड शेयर बैक्ड फाइनेंसिंग (स्टॉक के बदले में लिया पैसा) का समय से पहले ही पूरा भुगतान कर दिया है। अडानी ग्रुप के पास इस कर्ज को चुकाने के लिए 31 मार्च तक की समयसीमा थी लेकिन काफी पहले ही इस कर्ज को चुका दिया है। यह कदम ग्रुप की ओर से साख वापसी को लेकर उठाए गए कदम के तौर पर देखा जा रहा है। इसके अलावा प्रमोटरों ने अंबुजा अधिग्रहण वित्तपोषण के लिए ली गई 50 करोड़ डॉलर की सुविधा का भी समय से पहले भुगतान कर दिया है। यह इक्विटी अंशदान बढ़ाने के लिए प्रवर्तकों की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और प्रवर्तकों ने अब अंबुजा और एसीसी के लिए 6.6 अरब डॉलर के कुल अधिग्रहण मूल्य में से 2.6 अरब डॉलर का निवेश किया है। ग्रुप की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 2.65 अरब डॉलर का पूरा पूर्व भुगतान 6 सप्ताह के भीतर पूरा हो गया है, जो मजबूत प्रबंधन और ग्रुप की मजबूती का संकेत देता है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट 24 जनवरी को आई थी। उसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली का सिलसिला चला था। हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में अडानी समूह पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। इसके बाद समूह की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में भारी गिरावट आई थी। अडानी समूह ने हिंडनबर्ग रिसर्च के इन आरोपों के जवाब में रविवार शाम को 413 पृष्ठों का 'स्पष्टीकरण' जारी किया था। हालांकि, अब अडानी ग्रुप की कंपनियों में फिर तेजी लौट आई है। ग्रुप की ओर से कर्ज डिफॉल्ट की किसी भी आशंका को खत्म करने के बाद निवेशकों का भरोसा फिर से बहाल हुआ है और शेयरों में खरीदारी लौटी है।



# हर बार ब्याज दरें बढ़ाने फेडरल रिजर्व की कॉपी करना बंद करना चाहिए: घोष

**- घोष ने कहा, ब्याज दर के मामले में अब आरबीआई को रुककर सोचने की जरूरत है**




**नई दिल्ली।**

देश में लगातार बढ़ रही महंगाई पर लगाम लगाने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले साल रेपो रेट में कई बार बढ़ोतरी की थी। अब स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रुप के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने आरबीआई को फिर से ब्याज दर में बढ़ोतरी का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि हमें हर बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की कॉपी करना बंद करना चाहिए। गौरतलब है कि आरबीआई ने अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदमों पर चलते हुए कई बार रेपो रेट में वृद्धि की है। इस पर घोष ने कहा कि ब्याज दर के मामले में अब आरबीआई को रुककर सोचने की जरूरत है कि क्या वह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को कॉपी करना जारी रख सकता है। सौम्य कांति घोष ने कहा कि कम अवधि में फेडरल रिजर्व की ब्याज दर वृद्धि चक्र का अंत नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसे में आरबीआई को अलग तरीके से सोचने की जरूरत है।

ब्याज दर में बढ़ोतरी के मामले में आरबीआई को गंभीरता से यह सोचना चाहिए कि वह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदम को कब तक जारी रख सकता है। यह बातें उन्होंने भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक सत्र में कही। घोष ने कहा कि क्या हम अमेरिकी फेडरल रिजर्व का हूबहू अनुसरण कर सकते हैं? किसी समय तो हमें रुकने और सोचने की जरूरत है कि क्या पहले की दर वृद्धि का प्रभाव प्रणाली में कम हो गया है। मुझे नहीं लगता कि फेडरल रिजर्व के चक्र का जल्द ही कोई अंत होगा। वह तीन या इससे अधिक बार दरों में बढ़ोतरी कर सकता है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण पर ब्याज दर घटाई

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने आवास ऋण पर ब्याज दरों में कटौती की घोषणा कर दी है। बैंक ने आवास ऋण पर ब्याज दर को मौजूदा 8.6 प्रतिशत से घटाकर 8.4 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने एक बयान में कहा कि नई दरें 13 मार्च 2023 से प्रभावी हो गई हैं। बैंकिग क्षेत्र में 8.4 प्रतिशत की ब्याज दर के साथ यह आवास ऋण सबसे सस्ते आवास ऋणों में से एक है। बयान के मुताबिक बैंक रक्षा कर्मियों, अर्द्धसैनिक बलों के लिए भी विशेष ब्याज दर की पेशकश करता है। इसके अलावा स्वर्ण, आवास और कार ऋण पर प्रक्रिया शुल्क में पूरी छूट दे रहा है। पिछले सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी आवास ऋण की ब्याज दर में 0.40 प्रतिशत की कटौती करते हुए 8.5 प्रतिशत कर दिया था। बैंक ने एमएसएमई ऋण पर ब्याज की दरों को भी घटा दिया था। बैंक एमएसएमई ऋण पर 8.4 प्रतिशत की दर से ब्याज लेना शुरू करेगा। बीओबी ने एक बयान में कहा था कि ब्याज दरों में किए गए दोनों बदलाव पांच मार्च, 2023 से 31 मार्च, 2023 तक ही प्रभावी रहेंगे।

# सिलिकॉन वैली डूबने से पेटीएम को खतरा नहीं: सीईओ


**- सिलिकॉन वैली बैंक ने पेटीएम में किए निवेश को काफी पहले ही निकाल लिया था**

**सैन फ्रांसिस्को ।**

अमेरिका का सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) डूबने से टेक इंडस्ट्री और स्टार्टअप कंपनियां सकते में हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है, यहां की कई स्टार्टअप कंपनियों में बैंक का निवेश है। इस बारे में अब पेटीएम ने साफ किया है कि बैंक के डूबने का उस पर असर नहीं होगा। कंपनी के चीफ विजय शेखर शर्मा ने इस पर एक स्पष्टीकरण भी दिया है। एसवीबी ने पेटीएम और उसकी सहयोगी कंपनियों में निवेश किया हुआ था। विजय शेखर शर्मा ने ट्विटर पर लिखा कि सिलिकॉन वैली बैंक ने पेटीएम में किए निवेश को काफी पहले ही निकाल लिया था। बैंक ने अन्य प्राइवेट इंवेस्टर्स को अपनी हिस्सेदारी बेच दी थी और इस पर अच्छा मुनाफा भी कमाया था। सिलिकॉन वैली बैंक ने पेटीएम में कुल 17 लाख डॉलर (करीब 13.93 करोड़ रुपए) का निवेश किया था। सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने की खबर के साथ ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि बैंक ने वन97 कम्युनिकेशंस और इसके फिनटेक प्लेटफॉर्म पेटीएम में 7.42 अरब डॉलर (करीब 60,818 करोड़ रुपए) का निवेश है। इसी खबर पर विजय शेखर शर्मा ने स्पष्टीकरण दिया है। विजय शेखर शर्मा ने बताया कि सिलिकॉन वैली बैंक पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शुरुआती निवेशकों में से एक रहा है। कंपनी ने जब पहले राउंड की फंडिंग जुटाई थी, तब सिलिकॉन वैली बैंक ने उनका साथ दिया था। हालांकि मौजूदा समय में वह ना तो कंपनी में कोई शेयर होल्डर हैं और ना ही कंपनी में उसका कोई निवेश है। हालांकि साल 2011 के बाद से सिलिकॉन वैली बैंक ने भारत में बहुत ज्यादा निवेश नहीं किया है लेकिन कई भारतीय वेंचर कैपिटलिस्ट ने सिलिकॉन वैली बैंक के साथ साझेदारी की है। अब इन भारतीय स्टार्टअप के फाउंडर्स और इंवेस्टर्स को एसेट ट्रांसफर की चिंता हो रही है क्योंकि बैंक से विड्रॉल करने की सीमा तय की जा सकती है। अमेरिका के रेग्युलेटर्स ने शुक्रवार को सिलिकॉन वैली बैंक को बंद करने का आदेश दिया है। इसी के साथ बैंक की कुल 209 अरब डॉलर की एसेट्स और 175.4 अरब डॉलर के कुल डिपॉजिट्स को जब्त कर लिया गया है।




# वित्तीय वर्ष 23 में महंगाई 6.5 फीसदी बढ़ने की उम्मीद: दास



**नई दिल्ली ।**

देश में लगातार महंगाई बढ़ती जी रही है जिससे आम आदमी पर लगातार महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है। सरकार सोमवार शाम 5.30 बजे फरवरी महीने के खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी करेगी। बता दें कि सरकार ने जब पिछले माह में जनवरी माह के महंगाई के आंकड़े जारी किए थे तो जनवरी माह के रिटेल महंगाई के आंकड़े बड़ी उछाल के साथ 6.52 फीसदी पर पहुंच गए थे जिससे आम आदमी को फरवरी महीने में महंगाई का बड़ा झटका लगा था। वहीं पिछले साल जनवरी माह में खुदरा महंगाई दर 6.01 प्रतिशत रही थी। बता दें कि इस मार्च महीने के पहले दिन ही घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए की बढ़ोतरी के साथ आम लोगों को बड़ा झटका लगा था। वहीं खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी के कारणों को देखें तो जनवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 5.94 प्रतिशत पर पहुंच गई थी जो दिसंबर 2022 में 4.19 फीसदी रही थी यानि खाने-पीने की चीजें जनवरी में महंगी हुई है। जनवरी 2023 में महंगे दूध का असर खुदरा महंगाई दर पर देखने को मिला है। दूध और उससे बनने वाले प्रोडक्ट्स की महंगाई दर 8.79 प्रतिशत हो गई थी।

वहीं देश में मसाले भी महंगे हुए हैं और उसकी महंगाई दर 21.09 फीसदी रही है। सीरल्स और प्रोडक्टस की महंगाई दर 16.12 फीसदी रही है फलों की महंगाई दर 2.93 फीसदी रही। दालों की महंगाई दर 4.27 फीसदी रही है। मॉनिटरी पॉलिसी समिति की बैठक में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि वित्तीय वर्ष 23 में महंगाई 6.5 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक ने हाल ही में रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट का इजाफा किया है।

# सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी



**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह सोमवार को सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के भाव 56 हजार पार कर 57 हजार की ओर बढ़ रहे हैं। चांदी की वायदा कीमत भी 64 हजार के करीब पहुंच रही हैं। पिछले सप्ताह सोने के वायदा भाव फिसलकर 55 हजार और चांदी के 62 हजार से नीचे चले गए थे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोमवार को सोने का अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 56,667 रुपए के भाव पर खुला और 460 रुपये की तेजी के साथ 56,610 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था।

पिछली बंद कीमत 56,150 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। पिछले सप्ताह गुरुवार को सोने के वायदा भाव 55 हजार रुपए से भी नीचे चले गए थे। अंतिम दो कारोबारी दिनों में इसके भाव में सुधार देखा गया और अब इस सप्ताह इसके भाव 57 हजार रूपए की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले महीने सोने के वायदा भाव ने 58,847 रुपए प्रति 10 ग्राम का सर्वोच्च स्तर छुआ था।

सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई और इसके भाव 63 हजार पार कर 64 हजार की ओर बढ़ रहे हैं। सोमवार को एमसीएक्स पर चांदी का मई कॉन्ट्रैक्ट पिछली बंद कीमत 62,890 रुपए की तुलना में 733 रुपए की तेजी के साथ 63,623 रुपए किलो के भाव पर खुले और 63,749 रूपए किलो का उपरी स्तर छू लिया। फिलहाल इसका भाव 745 रुपए की तेजी के साथ 63,635 रुपए किलो के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव पिछले महीने 72,000 रुपए किलो तक चले गए थे।

# उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बढ़ी पेट्रोल और डीजल की कीमत

**- ब्रेंट क्रूड 0.42 डॉलर महंगा होकर 83.20 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।**

वैश्विब बाजार में कच्चे तेल की कीमत में सोमवार को हल्की बढ़त देखने को मिल रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड सोमवार को 0.46 डॉलर बढ़कर 77.14 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 0.42 डॉलर महंगा होकर 83.20 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि इस साल अभी तक कच्चे तेल की कीमतों में बहुत तेज उछाल देखने को नहीं मिला है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने हर सुबह की तरह आज भी पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी कर दिए हैं।

आज देश के अधिकांश राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है. हालांकि उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 33 पैसे बढ़कर 96.63 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.80 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल में पेट्रोल 44 पैसे महंगा होकर 107.26 रुपए और डीजल 41 पैसे की तेजी के साथ 93.90 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। हरियाणा में भी पेट्रोल-डीजल 28 पैसे महंगा हुआ है।

हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल की कीमत 63 पैसे गिरकर 95.07 रुपए और डीजल की 57 पैसे गिरकर 84.38 रुपए पर आ गई है। महानगरों में ईंधन की कीमत स्थिर है।दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## इंडियन वेल्सः पेगुला ने अनास्तासिया पोटापोवा को हराया

**एजेंसी।** नंबर 3 सीड अमेरिकी जेसिका पेगुला ने नंबर 27 सीड अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स के चौथे दौर में जगह बनाई। पेगुला ने रविवार को पोटापोवा को 2 घंटे 17 मिनट में 3-6, 6-4, 7-5 से हराकर कैलिफोर्निया डेजर्ट में अपने करियर में दूसरी बार अंतिम 16 में प्रवेश किया। वह पहले मैच में इटली की कैमिला जियोर्गी को हराया था। इंडियन वेल्स, 13 मार्च नंबर 3 सीड अमेरिकी जेसिका पेगुला ने नंबर 27 सीड अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स के चौथे दौर में जगह बनाई।वह दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन पेट्रा क्वितोवा से खेलेंगी, जिन्होंने पहले सेट के बैगल से वापसी करते हुए एक अन्य प्रमुख चैंपियन, जेलेना ओस्टापेंको को तीन सेटों में 0-6, 6-0, 6-4 से हराया।



### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ड्रॉ रहा अंतिम टेस्ट

# भारतीय टीम ने 2-1 से बॉर्डर गावस्कर सीरीज जीती

**प्लेयर ऑफ द मैच विराट कोहली**

**अहमदाबाद ।(एजेंसी)**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में कोई परिणाम नहीं निकला। इस मैच के ड्रॉ रहने के साथ ही भारतीय टीम ने यह बॉर्डर गावस्कर सीरीज 2-1 से जीत ली है। भारतीय टीम ने पहले दो टेस्ट जीते थे जबकि तीसरा मैच ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीता। भारतीय टीम अंतिम मैच के ड्रॉ रहने के बाद भी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंच गयी क्योंकि न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज का पहला टेस्ट मैच दो विकेट से जीत लिया। अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 480 रन बनाए थे जबकि भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 571 रन बनाये थे। इस प्रकार भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 91 रनों की बढ़त मिली थी। अंतिम दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 3 रनों से आगे खेलते हुए दो विकेट पर 175 रन बनाए इसके बाद मैच ड्रॉ घोषित कर दिया गया। मैथ्यू कुहनेमैन शुरुआत में ही आर अश्विन की गेंद पर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद ट्रेविस हैड और मार्नस लाबुशेन के बीच अच्छी साझेदारी हुई। हैड 90 रन बनाकर अक्षर पटेल की गेंद पर आउट हुए। वहीं लाबुशेन 63 और कप्तान स्टीव स्मिथ 10 रन बनाकर नाबाद रहे। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अस्मान ख्वाजा 180 ओर कैमरुन ग्रीन 114 के शतकों अपनी पहले पारी में 480 रनों का विशाल स्कोर बनाया। इसके बाद जवाब में भारत की ओर से शुभमन गिल 128 और विराट कोहली ने 186 रनों की शतकीय पारी खेली।

विराट ने अपने टेस्ट शतक के सूखे को भी इस मैच में समाप्त करते हुए अपना 28 वां टेस्ट शतक लगाया। विराट ने अक्षर पटेल के साथ शतकीय साझेदारी की जिससे भारत ने चौथे दिन पहली पारी में 571 रन बनाकर 91 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना विकेट खोए तीन रन बनाए। मेहमान टीम ने हेड नाबाद 03 के साथ पारी की शुरुआत के लिए मैथ्यू कुहनेमैन को भेजा। कुहनेमैन हालांकि पांचवें ओवर में भाग्यशाली रहे जब अश्विन की गेंद पर विकेटकीपर श्रीकर भरत उनका कैच नहीं पकड़ पाए।

तीन साल से भी अधिक समय बाद टेस्ट शतक जड़ने वाले कोहली ने 364 गेंद में 15 चौकों से 186 रन की पारी खेली जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने अक्षर पटेल 79 के साथ छठे विकेट के लिए 162, श्रीकर भरत 44 के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 और रविंद्र जडेजा 28 के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी भी की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से टॉड मर्फी ने 113 जबकि नाथन लियोन ने 151 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए।

स्टेडियम में रविवार का दिन यादगार बन गया जब कोहली ने ऑफ स्पिनर लियोन की गेंद पर एक रन के लिए खेलकर नवंबर 2019 के बाद अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। कोहली का यह टेस्ट क्रिकेट में 28वां और कुल 75वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। उन्होंने 241 गेंद में शतक पूरा किया। कोहली ने शतक पूरा करने के बाद तेज गति से रन बनाये। इससे पहले सुबह के सत्र में उन्होंने एक भी बाउंड्री नहीं लगाई थी। लंच के बाद उन्होंने अक्षर के साथ मिलकर रन गति बढ़ायी। सुबह के सत्र में भारतीय टीम ने रविन्द्र जडेजा 28 का विकेट खोकर 73 रन बनाये।




## हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5-4 से हराया

**(एजेंसी)।**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां शानदार बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5-4 से रोमांचक जीत दर्ज की।मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ अपनी प्रभावशाली 3-2 की जीत के साथ, भारतीय आक्रमण ने प्रत्येक तिमाही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंह में पानी लाने वाले गोल स्थापित किए। यह कप्तान हरमनप्रीत सिंह (14, 15, 56) की हैट्रिक थी, और जुगराज सिंह (18) और सेल्वम कार्थी (26) ने एक-एक गोल किया जिससे भारत की जीत में मदद मिली जबकि जोशुआ बेल्ट्ज (3) ऑस्ट्रेलिया के लिए काय विलॉट (43), बेन स्टेन्स (53) और एरन जालेव्स्की (57) ने गोल किए। यह मैच के लिए एक एक्शन से भरपूर शुरुआत थी, जिसमें पहले क्वार्टर में दोनों पक्षों ने जमकर मुकाबला किया, राउरकेला हॉकी प्रशंसकों का पूरी तरह से मनोरंजन किया, जो बड़ी संख्या में घरेलू टीम का समर्थन करने के लिए इकट्ठे हुए थे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने मैच के शुरू में ही घरेलू दर्शकों के उत्साह को शांत कर दिया जब उन्होंने मैच के केवल तीसरे मिनट में गोल किया। यह जोशुआ बेल्ट्ज थे, जिन्होंने भारतीय डिफेंस को पछाड़ते हुए स्ट्राइकिंग सर्कल में प्रवेश किया। हालांकि, शुरुआती झटकों ने घरेलू टीम की लय को प्रभावित नहीं किया, क्योंकि वे हड़ताली सर्कल में जगह बनाने के अपने प्रयास में लगातार बने रहे। दिलप्रीत सिंह ने सर्कल में ड्राइव करने के ऐसे ही एक प्रयास में भारत के लिए एक पीसी बनाया।

## ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप आज से

### लक्ष्य , सिंधु , साइना और प्रणय से रहेगी भारत को उम्मीदें

**बर्मिंघम ।(एजेंसी)**

आज से यहां शुरु हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब जीतने के लिए भारतीय खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पिछले कुछ समय के भारतीय खिलाड़ी अपनी फिटनेस से भी परेशान रहे हैं इसी कारण वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। भारत से अब तक केवल दो खिलाड़ियों पुलेला गोपीचंद (2001) और दिग्गज खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण ने साल 1980 में ये खिताब जीता था। भारत के लक्ष्य सेन पिछले सत्र में और साइना नेहवाल 2015 में फाइनल में पहुंचे थे पर वे खिताब नहीं जीत पाये थे। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पायीं थीं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए हालात इस बार भी कठिन हैं। लक्ष्य और सिंधु दोनों चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के कारण अभी तक लय में नहीं आया हैं। दोनों ही मलेशिया और इंडिया ओपन में शुरुआत में ही बाहर हो गये थे। लक्ष्य के सामने यहां शुरुआती दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन की चुनौती होगी जबकि सिंधु को चीन की झांग यी मान से खेलना है। वहीं अनुभवी खिलाड़ी साइना नेहवाल के सामने शुरुआती दौर में चीन की हान यूई की चुनौती रहेगी। पिछले कुछ समय में शीर्ष रैंकिंग के कई खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले नौवें स्थान के खिलाड़ी एचएस प्रणय से इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।



प्रणय ने हाल ही में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में विश्व रैंकिंग के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली जी जिया को हराया था। प्रणय अपने अभियान की शुरुआत चीनी ताइपे के वांग जू वेई के खिलाफ करेंगे जबकि किदांबी श्रीकांत फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव का मुकाबला करेंगे।

इस बार एकल वर्ग में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को वरीयता नहीं दी गई है, ऐसे में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की छठी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। सात्विक को जनवरी में इंडिया ओपन के दौरान कूल्हे में चोट लगी थी और वह इससे वापसी कर चिराग के साथ मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचे थे।

### संक्षिप्त समाचार




## इंग्लैंड के हैरी ब्रूक को प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड

**दुबई ।** इंग्लैंड के युवा क्रिकेटर हैरी ब्रूक आईसीसी के प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड मिला है। ब्रूक को न्यूजीलैंड में 2 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए यह अवार्ड मिला है। यह दूसरी बार है जब ब्रुक को यह अवार्ड मिला है। ब्रूक के साथ इस पुरस्कार की दौड़ में भारत के रविन्द्र जडेजा भी थे। जडेजा को पिछले माह यह अवार्ड मिला था। ब्रूक ने इससे पहले दिसंबर 2022 में भी अपने करियर में पहली बार यह पुरस्कार जीता। इस खिलाड़ी ने प्लेयर ऑफ मंथ अवार्ड जीतने के बाद अपने साथियों को टेस्ट क्रिकेट प्रारूप में अपना स्वाभाविक खेल खेलने की अनुमति देने के लिए धन्यवाद भी दिया। ब्रूक ने कहा, कुछ ही महीनों में दो बार इस पुरस्कार को जीतना एक बड़ा सम्मान है। मैं अपने टीम के साथियों और इंग्लैंड की टीमों के प्रबंधन को इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मुझे अपनी क्षमता के अनुसार खेलने की आजादी दी। यह साल के लिए एक बहुत अच्छी शुरुआत रही है और मुझे उम्मीद है कि हम एशेज के साथ अब आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीतने के भी प्रबल दावेदार हैं।

## महिला प्रीमियर लीग : हरमनप्रीत, ब्रंट की शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को हराया

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस ने कप्तान हरमनप्रीत कौर और नैट साइवर ब्रंट के बीच हुई 106 रनों की शतकीय साझेदारी की बदौलत यहां महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्लयूपीएल) में यूपी वारियर्स को आठ विकेट से हराकर लगातार चौथा मैच जीता है। इस मैच में हरमनप्रीत ने 33 गेंद में नौ चौके और एक छक्का लगाकर 53 रन बनाये। वहीं ब्रंट ने 31 गेंद में छह चौके और एक छक्के की सहायता से 45 रन बनाये। इस जीत के साथ ही मुंबई की टीम आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं यूपी वारियर्स की ओर से कप्तान एलिसा हीली ने 58 रन और तहलिया मैकग्रा ने 50 रन रन बनाये पर वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पायीं। हीली और मैकग्रा के बीच तीसरे विकेट के लिये 82 रन की साझेदारी से यूपी वारियर्स ने छह विकेट पर 159 रन बनाये। इसके बाद मुंबई इंडियंस ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बनाकर ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। यूपी वारियर्स ने तीसरे ओवर में ही एक अवसर खो दिया जब सिमरन शेख ने यास्तिका भाटिया 42 रन का कैच छोड़ दिया। पांचवें ओवर में सोफी एक्लेस्टोन ने हीली मैथ्यूज के पगबाधा की अपील को खारिज कर दिया। फिर यूपी वारियर्स की कप्तान हीली ने एक्लेस्टोन से पूछने के बाद रिव्यू लिया जिस पर तीसरे अंपायर ने आउट दिया। मुंबई ने पावरप्ले में छह ओवर में बिना विकेट गंवाये 51 रन बना लिये थे। इस मैच में किस्मत ने भी मुंबई का साथ दिया। हरमनप्रीत और साइवर ब्रंट ने शुरू में थोड़ा समय लेने के बाद तेजी से बल्लेबाजी की। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वारियर्स ने अच्छी शुरूआत की पर मुम्बई की ओर से साइका इशाक ने एक ओवर में दो विकेट लेकर टीम की रन गति पर अंकुश लगा दिया।

## सूर्यकुमार ने सबसे पहले भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल की खुशखबरी दी

**अहमदाबाद ।(एजेंसी)**

बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचने की खबर सबसे पहले मैदान में खेल रही भारतीय टीम को दी। टीम इंडिया श्रीलंका पर न्यूजीलैंड की जीत के साथ ही फाइनल में पहुंच गयी। भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनायी थी। पहली बार उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ ही फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। जब भारतीय टीम ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वॉलिफाइ किया तो क्षेत्ररक्षण कर रहे खिलाड़ियों को ये अच्छी खबर सूर्यकुमार ने दी। सूर्या 41वें ओवर के बाद सूर्या मैदान पर आए और साथियों से बातचीत करते हुए ये खुशखबरी दी। डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को बनाये रखने के लिए श्रीलंका की टीम को न्यूजीलैंड दौरे पर दो मैचों की सीरीज में 2-0 की जीत दर्ज करनी थी पर उसे पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही उसकी दावेदार समाप्त हो गयी। वहीं इससे पहले इंदौर में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम पर जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अंक तालिका में नंबर एक स्थान बनाने के साथ ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनायी थी। इसके बाद



भारत को अहमदाबाद टेस्ट में जीत या न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच पहले टेस्ट में अनुकूल परिणाम की जरूरत थी। अहमदाबाद टेस्ट से पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल की तालिका में ऑस्ट्रेलिया 68.52 प्रतिशत अंक (पीटीसी) के साथ शीर्ष पर है। क्राइस्टचर्च टेस्ट से पहले श्रीलंका के 53.33 प्रतिशत अंक थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टेस्ट ड्रॉ होने पर भारत का अंक प्रतिशत 60.29 अंक रहा।

## एकदिवसीय विश्व कप को 40-40 ओवर का करें : शास्त्री



**अहमदाबाद ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने कहा है कि खेल का रोमांच बनाये रखने के लिए भविष्य में आईसीसी विश्वकप को 40-40 ओवरों का कर देना चाहिए। शास्त्री ने कहा, ''एकदिवसीय विश्वकप को बनाये रखने के लिए भविष्य में इसके ओवरों को कम कर इसे 40-40 ओवर का कर देना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि एकदिवसीय में दर्शकों की घटती संख्या को देखते हुए इस प्रकार के उपाय करना जरुरी है। उन्होंने याद करते हुए कहा कि जब भारतीय टीम ने साल 1983 में पहली बार एकदिवसीय विश्व कप जीता था तो यह 60-60 ओवर का टूर्नामेंट हुआ करता था पर बाद में इसे घटाकर 50-50 ओवरों का किया गया है। उन्होंने कहा, ''मैं यह इसलिये कह रहा हूं क्योंकि जब हमने 1983 में विश्व कप जीता था तो यह 60 ओवर का मैच हुआ करता था। फिर लोगों का आकर्षण इसके प्रति कम होता गया तो इसे ओवरों को घटाकर 50 ओवर का कर दिया गया। अब मुझे लगता है कि इसके एक बार फिर घटाकर 40-40 ओवर का किया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि समय के साथ बदलावा जरूरी है, इसलिए प्रारूप को घटाना चाहिए। शास्त्री के अनुसार दर्शकों की रुचि कम होने की बात सही है। साथ ही कहा कि जब 1987 में विश्व कप उप महाद्वीप में कराया गया था तो 120 ओवर के दौरान दो ब्रेक लंच और चाय करना संभव नहीं था जैसा कि इंग्लैंड में पिछले तीन चरण के दौरान हुआ था। शास्त्री ने कहा कि टी20 प्रारूप खेल में बड़ी कमाई करता रहेगा पर द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को कम करना चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट अपने शीर्ष अहम स्थान का आनंद उठाना जारी रखेगा क्योंकि यही सबसे अहम प्रारूप है। उन्होंने कहा, ''टेस्ट क्रिकेट हमेशा टेस्ट क्रिकेट बना रहेगा और इसे सबसे ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए।

## शतक के दौरान हुई विराट के धैर्य की परीक्षा : कार्तिक

**मुम्बई ।** विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के शानदार शतक की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इसके लिए उन्हें पिच पर ही नहीं अपने दिमाग में बैठे शैतानों से भी मुकाबला करना पड़ा है। कार्तिक ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली का 8वां शतक। उन्होंने इसे सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ बनाया है। साथ ही कहा कि जब आप शतक बनाते हैं तो आप उतार-चढ़ाव से गुजरते हैं। यह शतक धीरे-धीरे उनके करीब आया है। इसने उनके धैर्य की परीक्षा भी ली, इस दौरान उन्हें पिच के साथ ही दिमाग में जारी परेशानियों से भी मुकाबला करना पड़ा। उन्होंने साथ ही कहा, विराट की इस पारी के बारे में हैरानी की बात यह है कि उन्होंने ढाई घंटे के करीब बल्लेबाजी की है और अभी तक एक भी चौका नहीं लगाया है। उसने तूफान का सामना किया है और इसे अपने तरीके से विफल किया। यह देखना सुंदर रहा है। यह एक लंबा समय रहा है। विराट इस मैच में केवल 14 रनों से दोहरा शतक नहीं लगा पाये।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को हराया, भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचा

**अहमदाबाद । (एजेंसी)**

न्यूजीलैंड ने क्राइस्टचर्च में खेले गये पहले टेस्ट मैच में श्रीलंकाई टीम को दो विकेट से हरा दिया। कीवी टीम की इस जीत के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में पहुंच गयी है। इस रोमांचक मुकाबले मे न्यूजीलैंड टीम को आखिरी गेंद पर जीत के लिए एक रन की जरुरत थी जिसे केन विलियमसन ने लिया। इसके साथ ही श्रीलंकाई टीम फाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी। वहीं भारतीय टीम अंकतालिका में दूसरे स्थान के साथ ही फाइनल में पहुंच गयी। इस प्रकार भारतीय टीम लगातार दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलेगी। पिछली बार भारतीय टीम को फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भारतीय टीम का लक्ष्य किसी भी हाल में जीत दर्ज करना रहेगा। इस मैच में जीत के लिए श्रीलंका ने मेजबान कीवी टीम को 285 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे उसने 70 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर ही 285 रन बनाकर हासिल कर लिया था। अंतिम दिन हालांकि बारिश के कारण खेल पूरे समय नहीं हो पाया पर जब खेल शुरू हुआ तो विलियमसन और डैरिल मिशेल ने शानदार बल्लेबाजी की। मिशेल ने 86 गेंदों में 3 चौके और 4 छक्के लगाते हुए 81 रन बनाये जबकि लाथम ने 24 और हेनरी निकोल्स ने 20 रन बनाये। वहीं अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने इस दौरान आपना 27वां टेस्ट शतक लगाया। इस मैच में विलियमसन ने



177 गेंदों में शतक पूरा किया, जबकि 194 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का की मदद से नाबाद 121 रन की पारी खेली। वहीं अंतिम ओवर में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 8 रनों की जरूरत थी जिसके बाद विलियमसन ने चौका लगाया। इसी बीच एक खिलाड़ी के रन आउट होने से मुकाबला एक बार फिर पलट गया पर इसके बाद भी श्रीलंकाई टीम न्यूजीलैंड को जीत से नहीं रोक पायी।



मैनचेस्टर में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

# मोहनथाल का प्रसाद भाजपा के गले की फांस बना, पीएम मोदी तक पहुंचा पूरा मामला

**अहमदाबाद।** 51 शक्तिपीठों में से एक अंबाजी में मोहनथाल का प्रसाद का मामला भाजपा के गले की फांस बन गया। उत्तरी गुजरात के बनासकांठा जिला स्थित अंबाजी मंदिर में मोहनथाल का प्रसाद बंद किए जाने से श्रद्धालुओं समेत हिन्दू संगठनों में जबर्दस्त आक्रोश है और वे लगातार मोहनथाल पुनः शुरू करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। यह मामला अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक पहुंच गया है। खबर है कि अब इस मामले को लेकर हाईकोर्ट के द्वार खटखटाने की तैयारी है। दरअसल अंबाजी में पिछले 900 साल से मोहनथाल का प्रसाद श्रद्धालुओं में बांटा जा रहा था। जिसे अचानक 3 मार्च 2023 को बंद कर दिया गया। मोहनथाल का प्रसाद बंद करने से इससे जुड़ी 300 जितनी महिलाओं का रोजगार चला गया। मोहनथाल का प्रसाद बंद किए जाने से श्रद्धालुओं में आक्रोश भड़क उठा। हिन्दू संगठन भी मोहनथाल का प्रसाद शुरू करने की मांग को लेकर मैदान में उतर आए। दूसरी ओर कांग्रेस ने इसे सियासी मुद्दा बना लिया और गुजरात विधानसभा में आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हिन्दुओं की भावनाओं के साथ खिलावाड कर रही है। बीते दिन गुजरात के पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि यह पूरा मामला श्रद्धालु और मंदिर ट्रस्ट के बीच का है और मुझे उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इसका उचित समाधान करेगी। नितिन पटेल के इस बयान से कई भाजपा नेता खुश हो गए। क्योंकि भाजपा के इन नेताओं का भी मानना है कि अंबाजी मंदिर का प्रसाद विवाद भाजपा को नुकसान पहुंचा रहा है। दूसरी ओर राज्य सरकार के प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि चिक्की के प्रसाद के बारे में फैसला मंदिर प्रबंधन का है और वही फैसला करेगा। इससे पहले ऋषिकेश पटेल चिक्की का प्रसाद शुरू किए जाने के फैसले की प्रशंसा की थी। मोहनथाल का प्रसाद बंद किए जाने से दांता के महाराजा परमवीरसिंह भी काफी नाराज हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

परमवीरसिंह ने पीएम मोदी को टैग कर ट्वीट किया है, जिसमें एक खास अपील की है। ट्वीट में परमवीरसिंह ने लिखा 'अंबाजी शक्तिपीठ दुनियाभर में विख्यात है और वहां मिलने वाला मोहनथाल का प्रसाद भी 900 वर्ष से भी अधिक समय से आस्था से जुड़ा हुआ है। अंबाजी में मोहनथाल का प्रसाद बंद करना उचित नहीं है। क्योंकि इससे अंबाजी आनेवाले प्रत्येक श्रद्धालु की आस्था जुड़ी हुई है। परमवीरसिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।' खबर है कि मोहनथाल प्रसाद को लेकर अब गुजरात हाईकोर्ट का द्वार खटखटाया जा सकता है। मोहनथाल का प्रसाद शुरू होगा या नहीं यह आनेवाला वक्त ही बताएगा, फिलहाल यह चर्चा का विषय बन गया है। लोगों में चर्चा है कि चिक्की की लागत कीमत केवल रु. 8 से रु. 10 है, जबकि श्रद्धालुओं से इसके रु. 25 लिए जा रहे हैं। मां अंबा को सैंकड़ों सालों से मोहनथाल का भोग लगाया जाता है और बाद में उसे श्रद्धालुओं में बांटा जाता है। इससे श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी है और यह अंबाजी की विशेष पहचान भी है। लोगों का कहना है कि हमने या किसी ओर ने मोहनथाल का प्रसाद बंद कर चिक्की का प्रसाद शुरू करने की मांग नहीं की। इसके बावजूद मोहनथाल को बंद कर चिक्की का प्रसाद शुरू कर अब इसकी भी व्यापारीकरण किया जा रहा है। लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि किसी मंत्री या नेता के करीबी को फायदा पहुंचाने के लिए चिक्की का प्रसाद शुरू किया गया है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ईज़ ऑफ़ लिविंग वृद्धि क्षेत्र में गुजरात की एक और पहल

**गांधीनगर।**

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने युवा उद्यमियों-स्टार्टअप्स को सपोर्ट देकर ईज़ ऑफ़ लिविंग बढ़ाने की दिशा में अपडेटेड स्टार्टअप्स गुजरात पोर्टल लॉन्चिंग द्वारा एक और पहल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशादर्शन में गुजरात ने वाइब्रेंट गुजरात समिट की सफलता से उद्यमियों की भूमिका का गौरव प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दिए गए विज़न को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में राज्य में स्टार्टअप्स इको-सिस्टम को अधिक गतिशील बना कर सुदृढ़ आयोजन शुरू किया गया है। तद्अनुसार, राज्य के युवा उद्यमियों-स्टार्टअप्स के नवीनतम् अनुसंधानों तथा लेटेस्ट टेक्नोलॉजी को वेग देकर विभिन्न हितधारकों को एक साथ एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर लाने के लिए स्टार्टअप्स गुजरात पोर्टल का अपडेटेड वर्ज़न कार्यरत किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत की उपस्थिति में सोमवार को लॉन्च किया गया यह पोर्टल बहुभाषी है अर्थात् इस पोर्टल में विभिन्न भाषाओं में पोर्टल सामग्री एक्सेस की जा सकेगी। इतना ही नहीं, इस पोर्टल पर ऐसी सुविधा दी गई है कि स्टार्टअप्स अपने ब्रोशर, उपलब्धियाँ, सेवाएँ तथा उत्पाद विवरण इस पोर्टल पर प्रदर्शित कर सकेंगे। इसके परिणामस्वरूप निजी क्रेता (ख़रीदार), निवेशक आदि सीधे स्टार्टअप्स से सम्पर्क कर सकेंगे। इस पोर्टल के स्टार्टअप्स इण्डिया पोर्टल के साथ एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस कनेक्शन के कारण डिपार्टमेंट फ़ॉर प्रमोशन ऑफ़ इण्डस्ट्री एण्ड इंटरनल ट्रेड से मान्यता प्राप्त किसी भी स्टार्टअप्स पोर्टल पर अलग से पंजीकरण कराए बिना सीधे पोर्टल में लॉग-इन हो सकता है व इसकी सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। स्टार्टअप्स के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में एक इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अधिकार (IPR) प्रशिक्षण/मार्गदर्शन में सुलभता बढ़ाने के लिए गुजरात के सभी 33 ज़िलों में फैले 100 से अधिक पेटेंट सूचना केन्द्रों की सूची भी पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है, जहाँ से स्टार्टअप्स संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

# राज्य में आज से कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाऐं प्रारंभ, आई कार्ड और होल टिकट अनिवार्य

**अहमदाबाद।**

राज्य में कल यानी 14 मार्च से कक्षा 10 एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगे। गुजरात शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। बोर्ड ने विद्यार्थियों के लिए गाइडलाइन भी जारी की है। परीक्षार्थियों को अपने आई कार्ड के साथ होल टिकट साथ रखना अनिवार्य होगा। कक्षा 10 की परीक्षा 14 मार्च से 28 मार्च 2023 के दौरान ली जाएगी। जबकि कक्षा 12 की परीक्षा 2023 विज्ञान संकाय 14 से 25 मार्च 2023 और सामान्य संकाय की परीक्षाएं 14 मार्च से 29 मार्च 2023 के दौरान ली जाएंगी। राज्य में विद्यार्थी शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में परीक्षा दे सकें इसके लिए बोर्ड ने आयोजन किया है। शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा 2023 को लेकर विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण गाइडलाइन जारी की है। जिसमें परीक्षार्थियों को मान्य पहचान पत्र के साथ होल टिकट साथ रखनी होगी। वर्ना परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं मिलेगा। गुजरात शिक्षो बोर्ड ने परीक्षार्थियों के लिए गाइडलाइन जारी की है। प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने के कम से कम एक घंटे पहले परीक्षा होल में पहुंचना आवश्यक है। विद्यार्थियों को जीएसईबी कक्षा 10 एवं 12 एडमिट कार्ड 2023 के साथ ही मान्य पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, पान कार्ड और लाइसंस इत्यादि परीक्षा होल में रखना आवश्यक है। विद्यार्थियों को पहले 15 मिनट में (प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए अलग से अवंटित) प्रश्न पत्र पढ़ना आवश्यक है। उत्तर पुस्तिका जमा करने से पहले उसमें गलतियां इत्यादि की पूरी तरह जांच करें।

परीक्षा का समय पूर्ण ना हो और निरीक्षक के समक्ष उत्तर पुस्तिका जमा करने से पहले किसी भी परीक्षा को कक्ष से बाहर निकलने की मंजूरी नहीं मिलेगी। परीक्षा खंड में कोई भी विद्यार्थी नकल की पर्ची या इलेक्ट्रोनिक उपकरण (स्मार्ट वॉच, केल्यूलेटर इत्यादि) ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जो विद्यार्थी इस गाइडलाइन का पालन नहीं करेगा वह परीक्षा से अयोग्य होगा इसके अलावा शिक्षा बोर्ड की गाइडलान के मुताबिक सभी स्कूलों के आसपास के जिरोक्स सेंटरों को बंद रखना अनिवार्य होगा। स्कूल के आसपास के क्षेत्रों में धारा 144 लागू रहेगी। स्कूल और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। परीक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को आई कार्ड जारी किए जाएंगे और उनके अतिरिक्त कोई प्रवेश ना करे इस पर स्कूल संचालक और आचार्य को नजर रखने रखनी होगी। परीक्षा देने आनेवाले विद्यार्थियों का स्वागत गुड़-धनिया से किया जाएगा और गर्मी के दौरान परीक्षा कक्ष में उन्हें पीने का पानी भी मुहैया करवाया जाएगा।

# 'आत्मनिर्भर गुजरात से आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में आगे बढ़ता गुजरात

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वान को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात ने एक और पग भरा है। पटेल के मार्गदर्शन में राज्य में राज्य सरकार ने अक्टूबर-2022 में उद्योगों को आत्मनिर्भरता के लिए सहायता करने वाली 'द आत्मनिर्भर गुजरात स्कीम्स फ़ॉर असिस्टेंस टु इण्डस्ट्रीज़' योजना घोषित की है। इस योजना के अंतर्गत राज्य में अलग-अलग स्थानों पर उद्योग शुरू करने तथा निवेश के लिए 13 मार्च सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में एक ही दिन में लगभग 16 रूमहुए। इन लगभग 16 बहुविद् एमओयू के फलस्वरूप राज्य में 12703 करोड़ रुपए का संभावित निवेश तथा 13880 प्रस्तावित रोज़गार के अवसर उत्पन्न होंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के दिशादर्शन में अक्टूबर 2022 में शुरू की गई 'द आत्मनिर्भर गुजरात स्कीम्स फ़ॉर असिस्टेंस टु इण्डस्ट्रीज़' के अंतर्गत अब तक कुल 54852 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश के लिए 20 एमओयू हुए हैं। इनके परिणामस्वरप 24700 से अधिक प्रस्तावित रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे। उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत की उपस्थिति में सोमवार को हुए नए 16 एमओयू के साथ 67 हज़ार 555 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेशार्थ कुल 36 एमओयू हुए हैं, जिनसे लगभग 38631 लोगों को रोज़गार मिलेगा। सोमवार को हुए बहुविद् एमओयू के अंतर्गत केमिकल एण्ड डाइज़, एग्रोकेमिकल्स, स्पेशलिटी केमिकल्स, गोल्ड रिफ़ाइनिंग एण्ड प्रोसेसिंग, सेफ़्टी प्रोटेक्टवेयर, फ़ूड वर्क्स, कार्बनिक केमिकल्स, सोलर मॉड्यूल तथा सेल मैन्युफ़ैक्चरिंग सेक्टर में निवेश आएगा। अधिकांश उद्योग वर्ष 2024-25 तक अपना उत्पादन शुरू करेंगे और इन उद्योगों में से भरूच स्थित दहेज औद्योगिक बस्ती(जीआईडीसी) में 5, अहमदाबाद स्थित साणंद जीआईडीसी तथा भरूच स्थित झगडिया जीआईडीसी में 3-3, भरूच स्थित पानोली जीआईडीसी में 2 तथा कच्छ स्थित भीमासर जीआईडीसी, नवसारी जीआईडीसी व भरूच स्थित सायखा जीआईडीसी में 1-1 उद्योग शुरू होने वाले हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस अवसर पर उद्योगों को राज्य सरकार की इस 'द आत्मनिर्भर गुजरात स्कीम्स फ़ॉर असिस्टेंस टु इण्डस्ट्रीज़' का उचित लाभ एवं आवश्यक सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत ने विश्वास व्यक्त किया कि देश के ग्रोथ इंजन गुजरात की यह योजना राज्य में उद्योगों-निवेशों को अधिक आकर्षित करेगी। इन निवेश प्रस्तावों से 'आत्मनिर्भर गुजरात से आत्मनिर्भर भारत' का विज़न सुदृढ़ होगा। इतना ही नहीं, समग्र देश के लिए और अधिक प्रगति का मार्ग निर्धारित होगा और भारतीय समुदाय को सामूहिक रूप से आगे बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच पर ले जाने का अवसर मिलेगा। इस एमओयू हस्ताक्षर अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव पंकज जोशी, उद्योग आयुक्त राहुल गुप्ता, इण्डस्ट्रियल एक्सटेंशन ब्यूरो (इंडेक्स्ट-बी) की प्रबंध निदेशक (एमडी) सुश्री ममता हीरपरा, वरिष्ठ अधिकारी तथा निवेशकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सोनी मैक्स करेगा ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर




देश-विदेश के बॉक्स ऑफिस पर बेशुमार कामयाबी हासिल करने के बाद हालिया समय की एक सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा, जोकि एक ऐक्शीन थ्रिलर मूवी है, टेलीविजन पर दर्शकों का दिल जीतने के लिये तैयार है। इस फिल्मा का वर्ल्डो टेलीविजन प्रीमियर भारत के एक अग्रणी बॉलीवुड मूवी चैनल सोनी मैक्सइ पर रात 8 बजे किया जायेगा। ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित एवं निर्देशित फिल्मी कांतारा में ऋषभ शेट्टी ने खुद लीड किरदार को निभाया है। इसके साथ ही सप्थ्मी गौड़ा और किशोर कुमार जी की भी इस फिल्म में अहम भूमिका है। ऋषभ शेट्टी की मुख्यि भूमिका से सजी और अभिनीत इस फिल्म का प्रसारण टेलीविजन पर पहली बार रविवार 19 मार्च को रात 8 बजे सिर्फ सोनी मैक्स पर किया जायेगा 9

ऐक्टगर, डायरेक्टथर ऋषभ शेट्टी "कांतारा ने एक ऐसी कहानी के साथ सिनेमा प्रेमियों को एकजुट किया है जिसकी मौजूदगी उन कहानियों में मिलती है, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सुनाई जाती रही है। साथ ही ये उन कहानियों से प्रेरित है जोकि हमारी संस्कृति में गहराई से रची-बसी हैं। इस फिल्म को खासकर गैर-कन्नड़भाषी दर्शकों से मिले प्यार और सराहना के लिये मैं बहुत आभारी हूँ। यह ऐसी फिल्म का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो अपने स्थान या भाषा से इतर दर्शकों से जुड़ती है और इस जुड़ाव का कारण है इसकी बेजोड़ कहानी। एक टीम के तौर पर, हमने शानदार सिनेमाई अनुभव देने के लिये कड़ी मेहनत की थी और हमें खुशी है कि अब यह सोनी मैक्स पर अपने टेलीविजन रिलीज के माध्यम से देश के हर कोने में रहने वाले लोगों तक पहुँचने के लिये तैयार है। मुझे खुशी है कि ज्यादा से ज्यादा दर्शक इस फिल्म को देखकर इसे पसंद करेंगे।"

# विशाल हेल्थ चेकअप कैम्प का हुआ आयोजन



**सूरत भूमि, सूरत।**

श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को विशाल निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन वीआईपी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर, सूरतधाम के अंजनी हॉल में किया गया । कैम्प की शुरुआत सुबह नौ बजे बाबा श्याम के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई । किरण हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित कैम्प में डायबिटीज़, ब्लड प्रेशर, श्वष्टत्त, स्क्क्ष्, आँखों की जाँच, डायटीशियन कंसल्टेशन, हाइट-वेट आदि सहित अनेकों प्रकार की जाँच की गई । कैम्प में 272 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाई । इस मौके पर ट्रस्ट के सचिव विनोद कानोडिया, उपाध्यक्ष संदीप बेरीवाला सहित अनेकों कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहें ।



**सूरत। जिनशासन के आचार विचार से अपरिचित कर्नाटक-आंध्र प्रदेश-तेलंगाना आदि राज्यों में 1000 से अधिक किलोमीटर के विहार के बाद 8 साल के बाद अपनी मातृभूमि सूरत शहर की धन्य धरा पर गोपीपुरा, पाल, रांदेर, उमरा के बाद वेसु की तीर्थभूमि पर पूज्य आचार्य देव श्रीमद् विजयसुंदर सूरी महाराजा के साथ आदि थाना की पावन पधरामणी सहित देशों के ओमकार सुरी आराधना भवन में प्रवचन आयोजित हुआ और 15 से 18 अंजन शलाका प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे।**

# मोटोरोला ने अपने मोटो जी73 5जी हैंडसेट के साथ 5जी मार्किट सेगमेंट में मचाई हलचल




**नईदिल्ली।** आज, मोटोरोला ने अपनीज्जीज्‍ सीरीज फ्रेंचाइजी में, मोटो जी73 5जी नाम से नया 5 जी स्मार्टफोन लॉन्च करने की घोषणा की। इस नए मोटो जी73 5जी के साथ कैमरे से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया गया है, इसमें अल्ट्रा पिक्सेल टेक्नोलॉजी के साथ एडवांस्ड, फ्लैगशिप ग्रेड का 50एमपी कैमरा है।पिछली जेनेरशन की तुलना में इसके 1.5 गुना बड़े पिक्सेल का उपयोग करके अब आप शार्पर एवं ब्राइटर रिजल्ट्स के लिए अधिक लाइट का इस्तेमाल कर अपने ग्राम के लिए शानदार पिक्चर्स को कैप्चर कर सकते हैं। इसके अल्ट्रा-वाइड-एंगल के साथ अब आपकी आंखें जो देखना चाहती हैं उसे कैप्चर करने के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि एक स्टैंडर्ड लेंस की तुलना में यह आपके फ्रेम में सीन को 4 गुना अधिक फिट बैठाता है।

इसके अलावा, परफॉरमेंस को बूस्ट करने और एक सीमलेस एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए, मोटो जी73 5जी भारत के पहले मीडिया टेक डाय में सिटी 930, जो कि इस सेगमेंट में सबसे तेज ** एवं सबसे शक्तिशाली ऑक्टा-कोर प्रोसेसर है तथा 2.2 गीगाहर्ट्ज तक की फ्रीक्वेंसी की पेशकश के साथ संचालित होता है। अब बिना किसी परेशानी के चलते-फिरते गेमखेलें, साथ ही स्मूथ वीडियोज़ तथा और भी बहुत कुछ का आनंद लें। इसकी 8जीबी रैम के साथ, अब आपके ऐप्स और जानकारी इसके बैकग्राउंड में तैयार रहती है, इसलिए इसमें सबकुछ बड़ी ही स्मूथली चलता है। इसके अलावा यह स्मार्टफोन 13 5जी बैंड के साथ आप को एक ट्रू 5जी एक्सपीरियंस प्रदान करता है साथ ही यह 3 कैरियर एग्रीगेशन एवं 4ङ्ग4 एमआईएम ओ जैसे एडवांस्ड फीचर्स को सपोर्ट करता है जो आपको लाइटनिंग फास्ट स्पीड के साथ डाउनलोड करने में मदद प्रदान करता है।

इस नए मोटो जी73 5जी में 120हर्ट्ज़ का रिफ्रेश रेट, शानदार6.5ज्ज इंच की एफएचडी डिस्प्ले है, जिससे अब आप बिना किसी परेशानी के गेमप्ले एवं सीमलेस स्क्रॉलिंग का आनंद ले स कते हैं। इसकी रेजर-शार्प फुल एचडी+ डिस्प्ले के साथ बारीक से बारीक डिटेल्स को जीवंत तरीके से देखें, साथ ही इसके स्मूद रिफ्रेशरेट के साथ, आंखों की रोशनी की चिंता किए बगैर इसमें मूवी और लम्बे समय के लिए वेबसाइट को स्क्रॉल भी कर सकते हैं।

# प्राइम वॉलीबॉल लीग की विजेता टीम अहमदाबाद डिफेंडर्स वर्ल्ड क्लब चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी

**अहमदाबाद।**




प्राइम वॉलीबॉल लीग भारत की सबसे बड़ी निजी वॉलीबॉल लीग है, जिसका स्वामित्व कई फ्रेंचाइजी और बेसलाइन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। बैंगलोर, हैदराबाद और कोच्चि में खेले गए मैचों के साथ कुल 8 टीमों ने प्राइम वॉलीबॉल लीग में भाग लिया। लीग 4 फरवरी को शुरू हुई और 5 मार्च 2023 को समाप्त हुई। लीग में भाग लेने वाली अन्य फ्रेंचाइजी में बेंगलुरु, चेन्नई, कालीकट, हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता और मुंबई शामिल हैं। टीम अहमदाबाद डिफेंडर्स 2021-22 के उद्घाटन सत्र में उपविजेता रही जब अहमदाबाद डिफेंडर्स ने हाल ही में समाप्त हुए सीजन में कोच्चि में खेले गए ग्रैंड फिनाले में बेंगलुरु टॉरपीडोस को 3-2 से हराकर पहली बार प्राइम वॉलीबॉल लीग जीती। अहमदाबाद डिफेंडर्स की चैंपियन टीम अहमदाबाद की मेहमान थी।

प्राइम वॉलीबॉल लीग के सीईओ जॉय भट्टाचार्य ने कहा, "आज अहमदाबाद में यह घोषणा करते हुए हमें खुशी हो रही है कि अहमदाबाद डिफेंडर्स टीम दिसंबर में होने वाली वर्ल्ड क्लब चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। प्राइम वॉलीबॉल पूरे भारत में वॉलीबॉल के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है।" लीग ने अहम भूमिका निभाई है और वर्ल्ड क्लब चैंपियनशिप जीतना टीम के लिए बहुत गर्व की बात है जो ओलंपिक की हमारी तैयारियों में एक पहल है।"

अहमदाबाद डिफेंडर्स टीम के मालिक श्री डीजी चौधरी ने कहा, "हमने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल से मुलाकात की, जिन्होंने टीम से मुलाकात की और सभी का उत्साह बढ़ाया। हम उम्मीद करते हैं कि जनवरी-2024 में होने वाली प्राइम वॉलीबॉल लीग - सीजन 3 में कुछ मैच होने चाहिए।"

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक: संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोन: 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )